RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 19 अंक » 262 टोंक » शनिवार » 27 अप्रैल, 2024 पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए


# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण टोंक, जयपुर, और मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com


संपादकीय

खबरों की दुनिया

दूसरा चरण थोड़ा हिसंक रहा लेकिन, निपट गया

## पहले चरण से अधिक हुआ मतदान

**पहले चरण के** कम मतदान से सबक सीखते हुये दूसरे चरण के मतदान में मतदाताओं और पार्टियों के कार्यकताआं में जोश दिखाई दिया। मतदान केन्द्रो पर लम्बी-लम्बी कतारे देखी गई। प्रचण्ड गर्मी की परवाह किये बिना लोग वोट डालने घर से निकले गत बार का वोटिंग प्रतिशत तो तीन बजे तक ही पूरा हो गया। दिन ढलते-ढलते वोटिंग प्रतिशत बढ़ता गया अन्त में शाम 6 बजे तक वोटिंग समाप्ति के समय तक लगभग 64 प्रतिशत से ऊपर रहा जो सभी पार्टियों को उत्साहित करने वाला है। बढ़े हुये मतदान को सभी पार्टियां अपने-अपने पक्ष में मान रही हैं। राजस्थान ही नहीं पूरे देश में मतदान प्रतिशत बढ़ा है जो लोकतन्त्र के लिये शुभ संकेत हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र में मतदान कुछ-कुछ प्रथम चरण जैसा ही रहा।



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

### प्रतिष्ठा की सीटों पर हिसंक घटनाऐं हुई

दूसरे चरण के मतदान में कई प्रतिष्ठा की सीटे थी। जिनमे जैसलमेर, बाड़मेर, कोटा, टोंक-सवाई माधोपुर, जालोर-सिरोही भीलवाड़ा राजसमंद इनमें छुट-पुट हिंसा की घटनाऐं हुई। कई मतदान केन्द्रो पर मतदाताओं को रोका गया या उनके साथ मारपीट की गई। सबसे ज्यादा हिंसा रवीन्द्र सिंह भाटी के चुनाव क्षेत्र में हुई। भाटी के भाई को तो चुनाव अधिकारी ने जिले से बाहर जाने तक को कह दिया। प्रतिष्ठा की सीटों पर अन्तिम क्षण तक मतदाताओं को लाने की होड़ मची रही। जातीगत समीकरण दूसरे चरण में हावी रहे। जिसको रोकना किसी के बस में नहीं।



### बड़े-बड़े नेताओं सहित गहलोत ने परिवार के साथ किया मतदान

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, असम के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया, राजस्थान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सपरिवार, पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने अपने पोते के साथ मतदान किया। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी जोधपुर से सपरिवार मतदान किया। झालावाड़ में एक दुल्हा बारात लेकर वोट डालने पहुंचा तो वहीं दूदू में उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने वोट डाला। इस प्रकार अपनी-अपनी पार्टीयों की साख बचाने कि लिये हर छोटा बड़ा नेता वोटर को लुभाने में दिन भर लगा रहा।

### बाड़मेर में विधायक आईजी में हुई नोक-झोंक

दूसरे चरण में बाड़मेर सब से चर्चित रहा। यहां पर प्रत्याशी एक दूसरे पर मतदान प्रक्रिया में व्यवधान डालने के आरोप लगाते रहे। मतदान को लेकर विधायक एवं आईजी में बहस हो गई। आईजी नियमों के अनुसार मतदान चाहते थे, जबकि विधायक अपने लोगों को पहले मतदान कराना चाहते थे। बाड़मेर में भी कांग्रेस के पोलिंग ऐजेन्ट की मारपीट तक कर डाली। दो निर्दलीय समर्थको के बीच झगड़ा हो गया। टोंक-सवाईमाधोपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने भी फर्जी मतदान को लेकर हंगामा किया। वहीं जोधपुर के पीपाड़ में पोलिंग बूथ का वीडियो बना रहे कॉन्स्टेबल को लोगों ने पीटा। पाली में दो घंटे तक ईवीएम बंद हो गई, जिससे मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, भीलवाड़ा के पुर कस्बे में वोट डालने पहुंचे एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

कुल मिलाकर हल्की-फुल्की नोक-झोंक और प्रत्याशियों के आपसी मतभेदो के बीच दूसरे चरण के मतदान भी सफलता पूर्वक समाप्त हो गए। जनता को अब इंतजार हैं तो बस अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का।



पीएम मोदी ने फिर मंगलसूत्र-विरासत टैक्स की बात की

# इण्डिया गठबंधन आपकी प्रॉपर्टी पर कब्जा करेगा और अपने वोट बैंक में बांट देगाः मोदी

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक बार फिर मंगलसूत्र और विरासत टैक्स पर बयान दिया। पीएम ने कहा कि इण्डिया गठबंधन महिलाओं, आदिवासियों और गरीबों के खिलाफ खतरनाक कानून लाना चाहता है।

कांग्रेसियों ने महिलाओं का मंगलसूत्र, आदिवासियों के गहने, हर किसी की प्रॉपर्टी जांच कराने का ऐलान किया है। इसके लिए कांग्रेस के शहजादे विदेश से एक्स-रे मशीन लाए हैं। वे पूरे देश में एक्स-रे करेंगे। कांग्रेस का इरादा सभी का पैसा, सोना-चांदी, जमीन कब्जा करने का है। उसका एक हिस्सा ये लोग अपने वोट बैंक को दे देंगे। ये कांग्रेस ने घोषणा की है, लेकिन टीएमसी वाले उसके खिलाफ नहीं बोलते।

### कांग्रेस आपकी संपत्ति बांट देगी

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस में तुष्टीकरण का कॉम्पिटिशन चल रहा है। टीएमसी सरकार बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लाकर बसाने का काम करती है। इन घुसपैठियों को आपकी जमीन और खेत पर कब्जा करवाती है और कांग्रेस आपकी संपत्ति ऐसे वोटबैंक में बांटने की बात कर रही है। टीएमसी के राज में बंगाल में केवल हजारों करोड़ों के स्कैम चलते हैं। घोटाले टीएमसी करती है और भुगतान बंगाल की जनता को करना पड़ता है।

### सीएए नागरिकता छीनने का नहीं नागरिकता देने का कानून है

पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि ये सत्ता में हुए तो सीएए रद्द कर देंगे। सीएए नागरिकता छीनने का नहीं नागरिकता देने का कानून है। टीएमसी लगातार झूठ फैला रही है। पीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि पहले चरण में टीएमसी , कांग्रेस जैसे दल जो पस्त हो रहे थे, अब दूसरे चरण में ध्वस्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले चरण जो दल पस्त हो गए थे, दूसरे चरण ध्वस्त हो जाएंगे।



### टीएमसी लोगों को लूटने का मौका नहीं छोड़ती

प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल के 50 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के 8 हजार करोड़ रुपए सीधे भेजे गए हैं। लेकिन टीएमसी सरकार को देखिए, वो आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ती। मैं केंद्र से बंगाल के विकास के लिए, यहां की सरकार को जो पैसा भेजता हूं, वो टीएमसी के नेता, मंत्री और तोलाबाज मिलकर खा जाते हैं। मां-माटी-मानुष की बात कहकर सत्ता में आई टीएमसी ने सबसे बड़ा विश्वासघात यहां की महिलाओं से ही किया है। जब बीजेपी सरकार ने मुस्लिम बहनों को अत्याचार से बचाने के लिए तीन तलाक खत्म किया, तो टीएमसी ने इसका विरोध किया। संदेशखाली में महिलाओं पर इतने अत्याचार हुए और टीएमसी सरकार आखिर तक मुख्य आरोपी को बचाती रही।

वोटिंग प्रतिशत बढ़ने पर बोले सीएम

## वोटिंग बीजेपी के पक्ष में जनता ने पीएम मोदी के विश्वास पर वोट किया

### बीजेपी कार्यालय पहुंचकर लिया फीडबैक

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** प्रदेश में दूसरे चरण का मतदान समाप्त होने के बाद सभी 25 सीटों पर चुनाव सम्पन्न हो गए हैं। दूसरे चरण की 13 सीटों पर वोटिंग खत्म होने के बाद सीएम भजनलाल शर्मा बीजेपी कार्यालय पहुंचे। यहां सीएम ने चुनाव में लगी टीम से फीडबैक भी लिया। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में वोटिंग कैसी भी हो, वो बीजेपी के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का मूड अच्छा है। उन्होंने पीएम मोदी के विश्वास पर वोट किया हैं। सीएम ने कहा कि मैं प्रदेश की जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने बढ़चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने दुनिया मे देश का गौरव बढ़ाने, भ्रष्टचार और तुष्टीकरण रोकने, देश और राजस्थान को विकसित बनाने के लिए वोट दिया हैं।

### सीएम ने चुनाव टीम ने लिया फीडबैक

सीएम भजनलाल शर्मा ने मतदान समाप्त होने के बाद बीजेपी कार्यालय पहुंचकर चुनाव में लगी पूरी टीम से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने पूरी टीम का आभार भी जताया। प्रदेश में चुनाव के लिए बीजेपी की चुनाव प्रबंधन, कंट्रोल रूम, सोशल मीडिया और आईटी की टीम सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता लगे हुए थे। इस मौके पर बीजेपी के राष्ट्रीय संगठक वी सतीश भी मौजूद रहे। भजनलाल शर्मा ने बीजेपी कार्यालय में सभी के साथ डिनर भी किया।



राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे फेज में 13 सीटों के लिए मतदान हुआ

## अंतिम संस्कार के बाद वोट डालने पहुंचा पूरा परिवार, त्रिपुरा-मणिपुर में 75% से ज्यादा मतदान



डूंगरपुर- पहले वोट फिर फेरे


खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे फेज में 13 सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। कोटा के भवानी मंडी में 'रावण' ने सभी का ध्यान खींचा। रावण के गेटअप में कलाकार दिनेश दिलवाले लोगों को वोट देने की अपील कर रहे थे। कहीं बूथ पर घोड़ी चढ़कर आए दूल्हों ने वोट डाला तो कहीं दर्द से कराहते बुजुर्ग मतदान करने पहुंचे।



### 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग खत्म.....

***नई दिल्ली (एजेंसी)।*** 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज की 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग शुक्रवार को सम्पन्न हो गई। 5 बजे तक त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 76.23 प्रतिशत वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 53प्रतिशतत्न के आसपास मतदान हुआ। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला था। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोक रही हैं। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई।



भीलवाड़ा- लोकतंत्र के मंदिर के बाहर चप्पलें

### प्रदेश की 13 सीटों पर वोटिंग के दौरान ऐसे ही रोचक तस्वीरें

जिस तस्वीर ने मन को छू लिया, वह भीलवाड़ा और बांसवाड़ा से आई। यहां वोट डालने आई महिला ने मतदान कक्ष के बाहर ही चप्पलें उतार दीं। गंगा देवी ने कहा- यह शिक्षा का मंदिर भी है और लोकतंत्र का भी। चप्पल लेकर इसमें कैसे जाती। बांसवाड़ा में भी एक परिवार ने अपने सदस्य का दाह संस्कार किया और पूरा परिवार वोट डालने पहुंच गया। कोटा में मतदान के दौरान अचानक मौसम बदला और तेज हवा ने टेन्ट को हिला दिया। ऐसे में पोलिंग पार्टी के कर्मचारी ने तब तक पोल को कसकर पकड़े रखा, जब तक हवा शांत न हो गई। सबसे ऊंचे बूथ पर वोटिंग करते वोटर्स की कतारें, नाव में सवार होकर बूथ तक पहुंचने की मशक्कतें, दूल्हा-दुल्हनों, नाचते गाते वोट डालने जाते थर्ड जेंटर के दलों और पोलिंग बूथ पर डांस करते लोक कलाकारों की तस्वीरों ने भी ध्यान खींचा।

## आजकल प्रधानमंत्री घबराए हुए हैं, कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आएंगेः राहुल गांधी

### कहा- 10 साल में गरीबों का पैसा छीना

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीजापुर में चुनावी रैली के दौरान अपने संबोधन में कहा कि आजकल पीएम नरेंद्र मोदी अपने भाषण के दौरान काफी घबराए हुए रहते हैं। शायद कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आएं। पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में गरीबों से सिर्फ पैसा छीना है। उन्होंने सिर्फ 20-25 लोगों को अरबपति बनाया है। उन अरबपतियों के पास उतना धन है, जितना 70 करोड़ हिंदुस्तानियों के पास है। हिंदुस्तान में 1% ऐसे लोग हैं, जो 40% धन कंट्रोल करते हैं।



### राहुल बोले- ये चुनाव पिछले चुनावों से अलग

राहुल गांधी ने कहा यह लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह पिछले चुनावों से अलग है, क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार एक पार्टी (भाजपा) और एक व्यक्ति (भाजपा) भारत के संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम-वीवीपैट के 100 प्रतिशत ' मिलान की मांग खारिज

## बैलट पेपर से चुनाव नहीं होंगे, कैंडिडेट की शिकायत पर ईवीएम होगी जांच

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर से चुनाव कराने और इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट स्लिप की 100% क्रॉस-चेकिंग कराने से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दीं। लेकिन एक बड़ा फैसला भी दिया। कोर्ट ने ईवीएम के इस्तेमाल के 42 साल के इतिहास में पहली बार जांच का रास्ता खोल दिया। सुनवाई शुक्रवार को हुई और बेंच जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की थी। दोनों ने एकमत से फैसला सुनाया। (देश में 1982 में पहली बार केरल में ईवीएम से आम चुनाव हुए थे। सुप्रीम कोर्ट में चुनौती के बाद इन्हें रद्द कर दिया गया था।) इस केस में 3 पक्ष शामिल थे। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म यानी याचिकाकर्ता, चुनाव आयोग, सरकार और अफसर। केस चुनाव और मतदान से जुड़ा है तो राजनीतिक पार्टियां और आम जनता भी जुड़ी हुई है।




### राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स के लिए खुला रास्ता

फैसले के बाद राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स के लिए एक रास्ता खुला है। वे ईवीएम की जांच करवा सकेंगे। दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडिडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है। शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे। किसी भी लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्रवार की टोटल ईवीएम में से 5% मशीनों की जांच हो सकेगी। इन 5% ईवीएम को शिकायत करने वाला प्रत्याशी या उसका प्रतिनिधि चुनेगा। इस जांच का खर्च कैंडिडेट को ही उठाना होगा।

खर्च कितना आएगा, इसका फैसले में जिक्र नहीं है। लेकिन जांच पूरी होने के बाद चुनाव आयोग बताएगा कि जांच में कुल कितना खर्च आया।

आयोग इसे नोटिफाई करके बताएगा। जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो शिकायत करने वाले कैंडिडेट को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा।

### आम आदमी यानी मतदाता

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## रेंजर लीडर निर्मला माथुर ने सिखाई रंगाई छपाई



खबरों की दुनिया

**सीकर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय की सीओ गाइड प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में आदर्श विद्या मंदिर माथुर कॉलोनी के आसपास के क्षेत्र की महिलाओं को रंगाई छपाई के गुन सिखाएं। निर्देशन विनीता माथुर के सहयोग से कान्ता दीक्षित, अनीता पारीक, बेला शर्मा, सरोज, अनीता दास, ईशा, चंदा, श्यामा, सीता, सोनिका, प्रांजल आदि महिलाओं ने रुचि से कार्य को सीखा। प्रिंसिपल सुचित्रा शर्मा ने कार्य की सराहना कर मोमेंटो भेंट की। गोकुल राज नारायण मनोहर सुरेश जतिन कपिल माथुर दीनदयाल ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। रंगाई छपाई का प्रशिक्षण शहर की कच्ची बस्ती, हरिजन बस्ती सहित चयनित स्थानो पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर महिलाओं को इस विधा से जोडकर आत्म निर्भर बनाया जा रहा है।

# एजुकेशन एकेडमी में दी जा रही है शिक्षा के साथ सनातन बौद्धिक एवं शारीरिक शिक्षा

- एकादमी के वार्षिक उत्सव में किया जाएगा संस्कारित तथा शिक्षा में अग्रणी बच्चों का सम्मान
- लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा वार्षिक उत्सव

खबरों की दुनिया

**सीकर।** शहर के पिपराली रोड स्थित श्रीएज्यूकेशन एकेडमी में होने वाले वार्षिक उत्सव 'फ्लूटर्स 2024' में शिक्षा के साथ सनातन बौद्धिक एवं शारीरिक शिक्षा में अग्रणी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। शिक्षा के साथ सनातन बौद्धिक एवं शारीरिक शिक्षा देने वाली एकमात्र संस्थान श्री एजुकेशन एकेडमी का वार्षिक उत्सव आज लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा।



आयोजित प्रेस वार्ता में संस्था के चेयरमैन डॉक्टर मक्खनलाल जांगिड़ ने बताया कि आज होने वाले इस वार्षिक उत्सव में संत सानिध्य लोहार्गल पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज का रहेगा। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, खंडेला विधायक सुभाष मील, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार रहेंगे। इसके अलावा अनेक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, शिक्षा जगत के गणमान्य व्यक्ति, छात्र-छात्राओं के अलावा अभिभावक उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए जाएंगे। बच्चो की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहेगी।

लोहार्गल पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य ने कहा कि श्रीएज्यूकेशन का शिक्षा के साथ सनातन संस्कृति का प्रसार करना सराहनीय है। सनातन का अर्थ है- शाश्वत या 'सदा बना रहने वाला', अर्थात् जिसका न आदि है न अन्त। सनातनी वह है जो शाश्वत सत्य से संबंधित है या उससे जुड़ा हुआ है। जागरूकता, ध्यान और कर्म हमें सनातनी बनाते हैं, क्योंकि हम हर पल नया महसूस करते हैं और फूल की तरह खिलते हैं।

बच्चो में आजकल पढ़ाई का बोझ इस कदर हावी हो गया कि वो किताबो में ही सिमट कर रह गया। बच्चो को इस तरह के आयोजन करके संस्कृति से जोड़ना अच्छा प्रयास है। प्रेस वार्ता में संस्था के डायरेक्टर महेश जांगिड़, प्रिंसिपल गरिमा जांगिड़, ट्रेजरार कमला जांगिड़ उपस्थित रहे।

## उधोग नगर थाना क्षेत्र में बंद मकान में लाखो की चोरी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** शहर के उधोग नगर इलाके मे चोरो ने बंद मकान को निशाना बनाया। चोर दीवार फांदकर मकान मे धुसे और पीछे का दरवाजा खोलकर करीब 8 लाख रूपए से ज्यादा क ीमत का सामान चुराकर ले गए। अब पुलिस मामले की जांच मे जुटी है।

सांवली रोड़ पर श्याम नगर इलाके के रहने वाले दलपत सिंह ने बताया कि घर के सभी लोग नौकरी करने के लिए सुबह 8 बजे चले गए। दोपहर के समय जब उनकी मां घर पर आई तो सामने वाले गेट के ताला नही लगा था और अंदर से बंद था। जबकि पीछे वाल गेट का दरवाजा खुला हुआ था।

इसके बाद जब उन्होने घर मे देखा तो कमरों में सारा सामान बिखरा हुआ था। इसके साथ ही आलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था। जिसमें से करीब 8 से 10 तौला सोने के जेवरात, 15 हजार रूपए की नगदी, एटीएम कार्ड सहित अन्य सामान गायब मिला।

दलपत के अनुसार चोरी हुए सामान की कीमत 8 से 8.50 लाख रूपए है। अंदेशा है कि चोरो ने पहले तो घर के पीछे की दरवाजा खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल अब उधोग नगर पुलिस चोरो की तलाश मे जुटी है।

## हार्डवेयर की दुकान से लाखो की चोरी
## जाट बाजार में गोविंद राम कमल किशोर फर्म को बनाया निशाना

खबरों की दुनिया

**सीकर।** हार्डवेयर की दुकान के ताले तोड़कर हजारो की कैश, चांदी के सिक्के व अन्य टूल्स का सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को सुबह दुकान मालिक जब दुकान पर आया तो दुकान के ताले बाहर से टूटे मिले। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे मे रिकार्ड हो गई। घटना सीकर के कोतवाली थाना क्षेत्र की है। पुलिस को दी रिपोर्ट में जय गोपाल अग्रवाल उम्र 34 वर्ष निवासी वार्ड नं. 19 सीकर ने बताया कि उसकी जाट बाजार मे गोविंद राम कमल किशोर के नाम से दुकान है। दुकान मे हार्डवेयर व टूल्स का व्सवाय किया जाता है। दुकानदार रात को 8.15 बजे दुकान बंद करके ताले लगा कर अपने घर चला गया था। सुबह 9 बजे दुकानदार दुकान खोलने के लिए आया तो देखा कि दुकान के बाहर के ताले टूटे हए थे और दुकान मे चोरी हो चुकी थी।

चोर दुकान के गल्ले मे रखा 50 हजार का कैश, 11 चांदी के सिक्के, गिफ्ट व हार्डवेयर टूल्स का सामान चोरी कर भाग गए। चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई। जिसके बाद दुकानदार ने चोरी का मामला दर्ज करवाया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एसआई ललिता कर रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरो की तलाश मे जुटी है।

## सीएलसी के प्रशांत मीना की ऑल इंडिया लेवल पर 16वीं रैंक

खबरों की दुनिया



**सीकर।** सीएलसी के प्रशांत मीना ने ऑल इंडिया लेवल पर 16वीं रैंक प्राप्त करते हुए सफलता हासिल की है। धौलपुर जिले के कोयला गांव निवासी प्रशांत के पिता सुरेश चंद सरकारी शिक्षक है तथा माता सुनीता मीना गृहिणी हैं। प्रशांत कक्षा 9 से ही सीएलसी प्री फाउंडेशन का विद्यार्थी रहा है। प्रशांत ने विशेष बातचीत के दौरान बताया की सीएलसी की शिक्षक टीम तथा स्टडी मैटेरियल ने मेरी सफलता में पूरी भूमिका निभाई और इसके साथ ही निदेशक इंजी. श्रवण चौधरी के मोटीवेशन ने मेरे को कभी भी पढ़ाई के दौरान तनाव महसूस नहीं होने दिया और डेली स्टडी कैम्प से पहले सकारात्मक वातावरण में होने वाली असेंबली ने काफी ज्यादा ऊर्जा का काम किया।

इसके साथ ही सीएलसी में एनसीईआरटी पर पूरा फोकस किया गया और पिछले सालों के सारे पेपर सॉल्व करवाए गए जिससे पेपर का पैटर्न समझने में आसानी हुई। प्रशांत ने कहा की क्लासरूम के बाद मैं सीएलसी के स्टडी कैम्प में पढ़ाई करता था जिससे मुझे काफी ज्यादा फायदा मिला क्योंकि सभी विषय के शिक्षक भी कैंप में मौजूद रहते थे। प्रशांत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता तथा सीएलसी निदेशक व शिक्षक टीम को दिया।

### घनेन्द्र ने 99.87 पर्सेंटाइल के साथ सफलता हासिल की



सीएलसी के घनेन्द्र ने 99.87 पर्सेंटाइल के साथ सफलता हासिल की है। सूरतगढ़ के सिद्धुवाला निवासी घनेन्द्र के पिता राजेंद्र सिंह खेती का काम करते है तथा मां शारदा देवी गृहिणी है। घनेन्द्र ने बताया की सीएलसी की आईआईटी विंग की शिक्षक टीम, अपडेटेड स्टडी मैटेरियल और सीएलसी के स्टडी कैम्प की मेरी सफलता में अहम भूमिका रही है और इसके साथ ही सीएलसी सीईओ साहिल चौधरी और सीओओ समर चौधरी भी आईआईटी फील्ड से होने की वजह से इन दोनो के अनुभव का भी विशेष फायदा तैयारी के दौरान मिला। घनेन्द्र ने बताया की सीएलसी के साल भर चलने वाले माइनर और रिव्यू टेस्ट, एनसीईआरटी पर पूरा फोकस तथा परीक्षा से पहले जो मॉक टेस्ट हुए उनसे कही लगा ही नहीं की जेईई मेन्स का एग्जाम दे रहा हूं बल्कि ऐसा महसूस हुआ की सीएलसी का टेस्ट ही दे रहा हूं क्योंकि सीएलसी के टेस्ट और जेईई मेन्स के पेपर में इतनी समानता थी। घनेन्द्र का लक्ष्य आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साईस ग्रेजुएट होकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना है।

## नाबालिग लड़की ने किया सुसाइड

खबरों की दुनिया

**सीकर।** नाबालिग लड़की ने पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। लड़की का शव कमरे मे पंखे से झूलता मिला। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा। मामला सीकर के पलसाना कस्बे का है।

जानकारी अनुसार पलसाना कस्बे मे रहने वाली 16 साल की नाबालिग लड़की ने बुधवार रात को बंद कमरे मे पंखे से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। परिजनो ने दरवाजा खटखटाया तो नही खुला। इसके बाद दरवाजा तोड़कर देखा तो लड़की फंदे से झूलती मिली।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को फंदे से नीचे उतारा और रानोली के सरकारी अस्पताल की मॉच्युरी मे रखवाया। सुसाइड के कारण सामने नहीआया है। लड़की के पिता विदेश रहते है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनो को सौपा गया।

## पोषाहार के लिए खाद्यान्न आंवटन

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिला कलेक्टर (रसद) कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर अप्रेल से जून 2024 के लिए जिले में एक से 5 तक के छात्र-छात्राओं के लिए गेहूँ, चावल 461.0 क्विंटल, कक्षा 6 से 8 के लिए 563.0 क्विंटल, बाल वाटिका के लिए 10.10 क्विंटल पोषाहार के लिए खाद्यान का आंवटन पंचायत समितिवार किया है। थोक विक्रेताओं द्वारा भारतीय खाद्य निगम डिपो से अच्छी गुणवत्ता का खाद्यान्न उठाकर बीईओ द्वारा जारी आंवटन आदेश के अनुसार विद्यालयों में पोषाहार की आपूर्ति तोल कर की जावेगी।

## सेवा संकल्प के साथ मारुति सखी मंडल का मासिक कीर्तन का आयोजन

समाजसेवी सरिता खेतान के आवास पे हुआ सामूहिक सुंदरकांड और भजन कीर्तन

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सामाजिक कार्यों में अग्रणीय महिला संस्था मारुति सखी मंडल द्वारा मासिक कीर्तन का आयोजन सदस्य समाजसेवी सरिता खेतान के आवास पे किया गया। संस्था की संस्थापक सनो मोदी ने बताया की इस महिला ग्रुप में 27 महिला सदस्य है। हर महीने जिस सदस्य का नंबर होता है उसके घर सुंदरकांड का पाठ किया जाता है इससे घर में सात्विक ऊर्जा का संचार होता है।



सदस्य सरिता खेतान ने बताया की इस ग्रुप की शुरुआत 15 साल पहले 10 सदस्य से हुई थी आज धीरे-धीरे सखी मंडल का परिवार बड़ चुका है इस ग्रुप में सास भी है बहु भी है इस में सभी सदस्यों ने इस बार गर्मी के मौसम में पक्षियों की सेवा का संकल्प लिया है इस कीर्तन में सदस्य आनंदी सुनीता बंसल सरिता संतोष प्रेम वीना उर्मिला कांता प्रभा खेतान शशि रावत किरण उर्मिला शांति विमला मंजू खेतान नीमा खेतान सावित्री आशा शर्मा साधना सेठी उपस्थित रहे।

## विनायक स्कूल में मैडल सैरेमनी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** शास्त्रीनगर स्थित विनायक स्कूल में आज प्राइमरी सेक्शन के छात्रों की मेडल सेरेमनी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी मंजू वर्मा ने बताया की प्राइमरी वर्ग के सत्र पर्यन्त एकेडमिक स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। छात्र कनिष्क जांगिड, अनुष्का चौधरी, अक्षिता कँवर, विराट सिंह, चार्वी शर्मा, दिव्यांका शर्मा, डिम्पल मिश्रा, प्रिय नवहाल, प्रियांशी स्वामी, भारत स्वामी, कुनाल नागा एवं रितिका वर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक रमेश शास्त्री, संस्था प्रधान विजय वशिष्ठ, प्रभारी रचना महर्षि कैलाश सैनी, हारिका एवं योगेश शर्मा उपस्थित थे।



फतेहपुर सीकर हाईवे पर हुआ एक्सीडेंट

## कार और बाइक मे टक्कर, महिला समेत दो की मौत

- दोनो रिश्ते मे भाभी-ननदोई लगते थे

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी मे एक बाइक और कार मे जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे मे बाइक पर सवार एक महिला समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनो के शवो को राजकिय धानुका उपजिला अस्पताल पहुंचागया। हादसा शुक्रवार सुबह 10 बजे हुआ।

सड़क हादसे की सूचना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक दोनो मृतको की पहचान सुनीता कंवर उम्र 30 वर्ष पत्नी जितेन्द्र सिंह निवासी शंकु तहसील लक्ष्मनगढ़ और पप्पू सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी रिंगणा नागौर के रूप मे हुई है। बताया जा रहा है कि पप्पू सिंह सुनीता का रिश्ते में ननदोई लगता है। दोनो ही किसी काम से मोटरसाइकिल पर फतेहपुर आ रहे थे।

हादसे मे मृतक महिला सुनीता कंवर के पति जितेन्द्र सिंह फतेहपुर के वन विभाग मे राजकिय कर्मचारी थे। बताया जा रहा है कि 15 दिन पहले बीमारी के चलते उनकी मौत हो गई थी। पप्पू सिंह की पत्नी की भी कोरोना काल मे पहले ही मौत हो चुकी है। सुनीता के 18 साल और 16 साल की बेटी है। वही एक साल का बेटा है। सुनीता के परिवार मे अब सुनीता क ी सास ही बची है। ससुर भी वन विभाग मे कार्यरत था तथा 5 साल पहले उसकी भी मौत हो चुकी है। सुनीता के एक देवर की भी मौत दो साल पहले हो चुकी है।

## जिला कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठकः लंबित मामलों को जल्द निस्तारण करने के दिए निर्देश, अतिक्रमण पर कार्रवाई करने को कहा

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी की अध्यक्षता में गुरूवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर चौधरी ने सभी अधिकारियों से राजस्व मामलों की प्रगति रिपोर्ट ली तथा संबंधित अधिकारियों को उनसे संबंधित राजस्व कार्यों को मिशन मोड पर लेकर उनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।



बैठक में जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि अधीनस्थ न्यायालयों में जो लंबित मामले चल रहे है, उनसे संबंधित अधिकारी मिशन मोड पर लेकर उनका निस्तारण करने के साथ ही एलआर एक्ट के तहत विचाराधीन मामलों के निस्तारण के लिए प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में नामांतरण और रास्तों के मामले जो वर्षों से लंबित चल रहे हैं, उनकों आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति करवाकर प्राथमिकता से निस्तारण करें और भू-रूपांतरण और आवंटन के लंबित आवेदनों का समयबद्धता के साथ निस्तारण करें। सार्वजनिक रास्तों के सीमांकन एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को नक्शों में रास्तों एवं सड़कों की स्थिति दर्ज करने, खाता विभाजन और बंटवारे के प्रकरणों का प्रत्येक पटवार मंडल में निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने निर्देश दिये कि हर माह की 20 से 25 तक आरओ बैठक हो जानी चाहिए। उन्होंने 91ए के चारागाह भूमि पर अतिक्रमण के प्रकरणों में संबंधित तहसीलदार को मौके पर संबंधित क्षेत्र के कच्चे-पक्के घरों का सर्वे करवाया जाने, घरों की आर्थिक स्थिति का आंकलन करने, आस-पास कोई बस्ती स्थापित है या नहीं, इन सभी की तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिये। सम्पर्क पोर्टल के प्रकरण भी तत्काल निस्तारण करवायें। सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों में तहसीलवार लक्ष्य निर्धारित कर प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रणजीत सिंह ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि सुमेटों के प्रकरणों के निस्तारण में एक रूपता होनी चाहिए। उन्होंने राजस्व नियम 136 के संबंध में सभी अधिकारियों से चर्चा कर यह निर्देशित किया गया कि आटो रिएक्शन का रिव्यू कर तहसीलदार परिवादी को राहत देना सुनिश्चित करें तथा लाईट्स के प्रकरणों में अपेक्षित रिपोर्ट प्राप्त कर निस्तारण करवायें।

बैठक में उप महानिरीक्षक पंजीयक एवं मुद्रांक भागीरथ शाख, समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार उपस्थित रहें।

## पाटन में दर्दनाक हादसे में शहादत को प्राप्त हुए पाटन थाना के जन सेवक को दी भावपूर्ण श्रद्धांजली




खबरों की दुनिया

**सीकर।** कल्याण सर्किल पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीकर द्वारा अपरांह 12:30 पर पाटन (नीम का थाना) में दर्दनाक हादसे में शहादत को प्राप्त हुए पाटन थाना के जन सेवक शहीद भँवर लाल, शहीद शीशराम, शहीद महिपाल को भावपूर्ण श्रद्धांजली दी गई। कार्यक्रम में माननीय अमराराम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश सैनी, इतिहास पाराशर, मोईन अली, सजाउद्दीन, गंगाधर दानोदिया, सुल्तान सैनी, अमर सिंह पवार, जुबेर नारू, मों.नदीम शेख़, अताउल्लाह, फ़ैयाज़, इमरान भाटी, रफ़ीक चौहान, अब्दुल रहीश भाटी, भँवर लाल सैनी, दिनेश सैनी, आरिफ़ जाटू, शुभकरण बालिया, कुलदीप धाबाई, शोएब आदि उपस्थित रहें।

खबरों की दुनिया
एक नज़र

## ककोड़ निवासी ने विदेश से आकर अपने पैतृक गांव में दिया वोट

खबरों की दुनिया



**बनेठा।** सात समंदर पार से अपने पैतृक गांव ककोड़ में मतदान करने पहुंचा युवक। ककोड़ ग्राम पंचायत के पोलिंग बूथ संख्या 210 राउमावि पर 12 वर्ष से अमेरिका के सिएटल मे आईटी फील्ड़ मे काम कर रहे 37 वार्षिय स्वप्निल छाजेड ने लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए अमेरिका से गांव मे आकर मतदान किया।

## देश की उन्नति और विकास के लिए मतदान करना आवश्यक : बीके आरती दीदी




खबरों की दुनिया

**टोंक।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ब्रह्माकुमारी आरती दीदी ने मतदान करते हुए कहा कि देश के हर मतदाता को अपनी नैतिक जिम्मेवारी समझते हुए मतदान करना चाहिए। मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य भी है जो हमें संविधान प्रदत है। यह मतदान देश की उन्नति और विकास के लिए है उन्होंने कहा कि मतदान से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में हर एक मतदाता को इस लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने की अपील की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पति-पत्नी की हुई मौत, शादी की खुशियां मातम में बदली

### - 10 मई को होनी थी इकलोते बेटे की शादी

खबरों की दुनिया

**निवाई।** बरोनी पुलिस थानान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनास पुलिया के समीप गुरूवार की देर शाम एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाईकिल के टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पति-पत्नि की मौत हो गई। मृतक के इकलोते पुत्र की 10 मई को शादी होने वाली थी। इस दुर्घटना से परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि गांव छान निवासी शिवराज जाट उम्र 46 वर्ष अपनी पत्नि पुष्पा जाट उम्र 45 के साथ मोटरसाईकिल से सोहेला में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनास पुलिया के समीप एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाईकिल के टक्कर मार दी। जिससे शिवराज की मौकेपर ही मौत हो गई। उसकी पत्नि गंभीररूप से घायल हो गई। जिसे पुलिस ने सआदत अस्पताल टोंक में भर्ती करवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे गंभीर हालत में जयपुर रैफर कर दिया। जयपुर में उपचार के दौरान उसने भी दम तोड दिया। मृतक के इकलोते पुत्र की 10 मई को शादी होने वाली थी। इस दुर्घटना से परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

# श्रीकंकाली माताजी के भाजपा प्रत्याशी जौनापुरिया ने दर्शन करके मांगा विजयश्री का आर्शीवाद



- प्रत्याशी सुखवीर जौनापुरिया



- अजीत सिंह मेहता व सुपुत्र विशाल



- पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी




- मंत्री कन्हैयालाल



- दूल्हा दुल्हन

खबरों की दुनिया

**टोंक।** टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने शुक्रवार को सुबह श्रीकंकाली मंदिर पहुंच करके श्रीकंकाली माताजी के दर्शन व पूजा अर्चना करके अपनी विजयश्री का आशीर्वाद मांगा। तत्पश्चात उन्होंने लोकसभा क्षेत्र बूथों तक पहुच करके मताधिकार किए जाने की अपील की।

वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने अपने सुपुत्र विशाल मेहता सहित सपरिवार मतदान केंद्र मॉडल स्कूल पुरानी टोंक पहुंचे जहां मतदान किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से वोट डालने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए एक -एक वोट कीमती है। मेहता ने कहा कि प्रत्येक मतदाता अपने एक वोट से दिल्ली की महापंचायत लोकसभा में सरकार चुनने में सहभागी बनें। उन्होंने मतदाताओं से राष्ट्र हित व विकसित संकल्प भारत को पूरा किए जाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के लिए वोट डालने की अपील की। वही मतदान केंद्र एपीआरटी टोंक में रिजवान अनीस ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए सेल्फी ली साथ ही सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की।

### कन्हैया लाल ने सपिरवार किया मतदान

राज्य के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री एवं मालपुरा विधायक कन्हैया लाल चौधरी ने टोडारायसिंह में अपनी पत्नी के साथ बूथ में जाकर मतदान किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंच करके वोट डालने की अपील की।

### लोकतंत्र महापर्व के साथ ही वृक्षारोपण का पुण्य भी



- वृक्षारोपण

टोंक विधानसभा एपीआरटी टोंक में प्रथम वोट जिला परिषद टोंक के स्वीप प्रभारी राजुलाल शर्मा ने प्रथम तथा दिव्या सैनी ने दूसरा वोट डाला। जिन्होंने मतदान केंद्र में टोंक जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की तरफ से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दृष्टि से किए गए नवाचार के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। मतदान केंद्र में अपना पहला वोट राजुलाल शर्मा तथा दूसरा वोट दिव्या सैनी ने डालने के साथ ही वृक्षारोपण भी किया। जिन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा की अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करके गौरवान्वित है साथ ही सबसे बड़ा सौभाग्य यह है कि मतदान के साथ ही वृक्षारोपण का पुण्य भी मिला है।

### दिव्यांग ने होम वोटिंग नही की, बूथ पहुंच कर डाला वोट



- दिव्यांग ने किया मतदान

लोक सभा चुनाव में दिव्यांग अकील ने होम वोटिंग की सुविधा नही लेते हुए मतदान केन्द्र पहुंच करके ही अपना वोट डाला। दिव्यांग अकील ने शुक्रवार को टोंक में बूथ नम्बर 159 में रज्जाक आदि की मदद से मतदान केन्द्र पहुंच करके अपना वोट डालते हुए सभी से मतदान की अपील की। अकील ने कहा कि वह होम वोटिंग करके वोट डाल सकता था लेकिन नही क्योंकि वह दिव्यांग हुआ तो क्या हुआ ,वह अपनी सरकार चुनने में पीछे नही हैं।

### दूल्हा अपनी दूल्हन के साथ पहुंचा वोट डालने

टोंक विधानसभा क्षेत्र के अरनियानील निवासी आकाश तीन दिन पूर्व अपनी शादी के बाद शुक्रवार को अपनी दुल्हन के साथ मतदान केन्द्र पहुंच करके वोट डाला। आकाश ने अपने ससुराल जाने से पहले मतदाधिकार का प्रयोग करके शादी के बाद लोकतन्त्र के महापर्व मतदान में वोट डाल करके भाग लिया।

भीषण गर्मी के चलते मतदान प्रतिशत कछुआ चाल से चला

## तेज अंधड़ से गूल हुई बिजली, बूथ संख्या 128 पर मोबाईल की टॉर्च में हुआ मतदान

खबरों की दुनिया



**मालपुरा।** लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को हुआ। दूसरे चरण के मतदान में टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट पर भी मतदान हुआ। जिसमें मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में भी शांतिपूर्ण मतदान हुआ। बूथ संख्या 128 पर विद्युत आपूर्ति बंद होने से अंधेरा छा गया। अंधेरा हो जाने के बाद रोशनी की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से मतदानकर्मियों ने अपने मोबाइल की टॉर्च से मतदान कार्य करवाया। भीषण गर्मी के मौसम के चलते शुक्रवार सुबह 7 बजे पूर्व से ही मतदान स्थलों पर मतदाताओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह 7 बजे मतदान कार्य शुरू हुआ। सभी संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। अति संवेदनशील केन्द्रों पर सशस्त्र बल तैनात किया गया। पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने सुबह जल्दी मतदान कर सभी क्षेत्रवासियों को लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक मत देने का आह्वान किया। भाजपा शहर अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, जिला आयोजना समिति सदस्य डॉक्टर अंकित जैन, डॉक्टर आस्था जैन सहित गणमान्य लोगों ने मतदान कर लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में सुबह 11 बजे तक 25.29 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे तक 34.30 प्रतिशत व सायंकाल 5 बजे तक 50.04 प्रतिशत मतदान हुआ। गर्मी के मौसम के चलते मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत कछुआ चाल से चला। दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए मतदाताओं को भीषण गर्मी से राहत मिली। लेकिन तेज अंधड़ व तूफानी हवाओं के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। एक बार फिर मतदान केन्द्रों पर मतदान का दौर थम गया। मौसम साफ होने के बाद फिर से मतदान केन्द्रों पर मतदाता पहुंचने लगे। धीरे-धीरे मतदान प्रतिशत बढ़ता गया।

## पांच पीढ़ियों से मतदान करती आ रही 110 वर्षीय महिला ने किया मतदान



खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण में 110 वर्षीय बानो आपा ने लगभग पाँच पीढ़ियों से अपने मत का प्रयोग करती आ रही जिसने धन्ना तलाई मतदान केंद्र जाकर मतदान किया।

रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान ने 110 वर्षीय बानो आपा को मतदान केंद्र ले जाकर वोट डलवाया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान ने टोंक शहर के बूथों पर जाकर लोगो से मतदान की अपील की। जिनके साथ मोहम्मद खुर्शीद, सुरेश चौधरी, उवैस, हरपाल जाट, आशिष आदि मौजूद थे।

## बूंदा-बांदी से मौसम हुआ खुशनुमा

खबरों की दुनिया

**निवाई।** शुक्रवार को दोपहर बाद बूंदा-बांदी होने से मौसम खुशनुमा हो गया। पिछ्ले एक सप्ताह से तेज गर्मी व तेज धूप से लोगों को परेशानी का सामना पड रहा था। शुक्रवार की सुबह से दोपहर तक तेज धूप रही जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव आया और आकाश में काले बादल छा गए और तेज धूलभरी आंधी चलने लगी। जिससे तापमान में गिरावट आ गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। दोपहर बाद करीब 5 बजे बादलों की तेज गडगडाहट के साथ बूंदा-बांदी होने लगी और मौसम खुशनुमा हो गया।

# मूलभूत सुविधाएं नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार: समझाईश के बाद पांच बजे शुरू हुई वोटिंग

### - बीसलपुर गांव का मामला, यहाँ से विद्यायक है कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चंद्र मीणा



- पांच बजे तक खाली रहा मतदान केन्द्र



खबरों की दुनिया

**टोंक।** टोंक-लोकसभा क्षेत्र से देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के बीसलपुर पेटा काश्त मतदाताओं ने अपनी मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी व स्कूल के आभाव में शुक्रवार को मतदान का बहिष्कार किया। जिसकी सूचना के बाद तहसीलदार सहित कई अधिकारी पहुंचे लेकिन ग्रामीण टस से मस नहीं हुए। इस मतदान केंद्र पर सिर्फ एक ईडीएस वोट ही पड़ पाया। उल्लेखनीय रहें देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चंद्र मीणा यहाँ से लगातार दो बसर से कोंग्रेसी विधायक है।

इस मतदान केंद्र में कुल 278 मतदाता है जिन्होंने देर शाम तक मतदान नहीं किया। बाद में करीबन शाम साढ़े पांच बजे जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने जिला प्रशासनिक अधिकारी को वहां भेजा जिन्होंने समझाईश कि तथा समस्या समाधान आश्वासन दिया जिसके बावजूद वोटिंग शुरू हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि कई सालों से जनप्रतिनिधियों व विधायक तथा सरकारी विभागों के अधिकारियों का शिक्षा, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं कि तरफ ध्यान दिलाया गया था। लेकिन किसी ने सुध नहीं ली आखिरी में चुनाव के पहले भी अपनी मांग रखी गई थी लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ तो शुक्रवार को मतदान का बहिष्कार किया गया है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग विश्राम गृह बीसलपुर में ग्रामीणों ने सुबह से ही मतदान का बहिष्कार किया तथा एक भी ग्रामीण ने वोट नहीं डाला जिससे मतदान केंद्र सुनसान पड़ा रहा। बाद में देर शाम को काफी मशक्क्त कि समझाईश के बाद ग्रामीण वोट डालने के लिए राजी हुए जिन्होंने मतदान शुरू किया।



- समझाईश के बाद किया मतदान



## मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न, लेकिन शाम को मौसम ने दिखाया अपना रंग

खबरों की दुनिया

**बनेठा।** उप तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनावो में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ इस दौरान कस्बे के छह बूथों पर कुल 55 फ़ीसदी मतदान रहा। सुबह-सुबह मतदान केंद्रो पर वोटिंग धीमी गति से शुरू हुई। कस्बे में स्थित सिर्फ एक मतदान केंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उत्तरी भाग मतदान केंद्र बूथ संख्या 221 पर ही मतदाताओं की कतारें देखी गई। प्रथम बार लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को मौके पर ही प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बनेठा थाना क्षेत्र के आठ संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केदो पर अतिरिक्त पुलिस जाता तैनात किया गया था। मतदान के दौरान दोपहर लगभग 2 बजे कुछ मिनट के लिए आंधी आ जाने से मतदान कर्मियों को कुछ परेशानी हुई। इस बार मतदाताओं में मतदान के प्रति दिलचस्पी कम रही जिसके कारण दोपहर बाद तक भी मतदान का प्रतिशत काफी कम ही रहा। मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान केंद्र पर लाकर वोट डलवाने की मनुहार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं राजीविका सदस्य करती देखी गई। शाम लगभग 5:30 बजे बाद तेज हवाओं के साथ बारिश आई जिसके कारण मतदान केदो पर लगाए गए टेंट फट गए तथा पाइप सहित टेंट जमीन पर धराशाही हो गए। इस दौरान तेज गर्जना से बिजली भी चमकती दिखाई दी। आखिरी के 15 मिनट में कोई भी मतदाता बारिश के



चलते मतदान करने नहीं आ सका। बारिश आ जाने के कारण मतदान कर्मियों को भी बिजली गुल होने पर परेशानी का सामना करना पड़ा।

# राहुल एहतियात बरतें, फ्लाईंग किस साथ लेकर ना चलें!



अशोक चतुर्वेदी
व्यंग्यकार

सुना है रायबरेली से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ सकती हैं...अब तक सोनिया गांधी लड़ती आई हैं...उम्र और सेहत के मद्देनजर सोनिया इस बार चुनाव नहीं लड़ रही हैं...वे राजस्थान से राज्यसभा में पहुंच गई हैं तो प्रियंका का नाम चल रहा है...जानकार दावा करते हैं कि प्रियंका ही रायबरेली से कांग्रेस की उम्मीदवार होंगी...फैसला आज-कल में हो जाएगा...इस बीच भाजपा भी तैयारी करके बैठी है...सुना है प्रियंका के मैदान में उतरते ही पार्टी की तरफ से माधुरी दीक्षित को उतारा जा सकता है...हालांकि और भी नाम चल रहे हैं, इसमें मुलायम सिंह की बहू का भी नाम है...सबसे ज्यादा चर्चा माधुरी के नाम की हो रही है...अगर माधुरी मैदान में उतरती हैं तो मुकाबला रोचक हो सकता है...पास की अमेठी संसदीय क्षेत्र से पहले ही मैडम सीरियल सांसद हैं...इस बार भी टिकट पक्का है...तो दोनो हाट सीट पर सबकी निगाहें होंगी... अमेठी से राहुल के चुनाव लड़ने की पूरी संभावना है....मुकाबला यहां भी रोचक होगा...बस डर इसी बात का होगा कि कहीं भूल से भी राहुल मैडम सीरियल की तरफ ना देख लें...वरना तो फ्लाईंग किस का आरोप फिर लग सकता है...संसद में बिना वजह मुद्दे को तूल दिया जा चुका है तो राहुल को मैडम सीरियल के रास्ते में आने से पेश्तर इस तरह चुनाव कार्यक्रम बनाना चाहिए कि दोनों का आमना-सामना ना हो...और अगर आमना-सामना हो भी तो निगाह से निगाह ना मिले...गलती से भी ऐसा हुआ और बात कहीं बढ़ गई तो फ्लाईंग किस जैसा आरोप गले पड़ सकता है...हालांकि यह सब खयाली बाते हो सकती हैं...दोनो के बीच अदावत को देख अंदेशा भर है...जरूरी नहीं कि ऐसा हो...और जरूरी नहीं कि ऐसा ना हो या इससे बढ़ कर ना हो...कुछ भी हो सकता है...फिलहाल तो उम्मीदवारी पर नजर है...आज वायनाड़ में वोट पड़ जाएंगे तो कल तक तस्वीर साफ हो सकती है...राजनीति के पंडितों का ऐसा मानना है...ये रायबरेली से प्रियंका के चुनाव लड़ने की स्थिति में सामने माधुरी दीक्षित के उतरने के सवाल पर बेबाक टिप्पणी करते हैं...इनका मानना है कि एक-दो-तीन-चार गाने पर ठुमके लगाना अलग बात है...राजनीति में पारंगत प्रियंका गांधी को चैलेंज करना अलग बात है...हो सकता है बात सही हो...हो सकता है बात सही ना भी हो...राजीव गांधी के जमाने में इलाहबाद से मजबूत प्रत्याक्षी और राजनीति



के खिलाड़ी हेमवती नंदन बहुगुणा के खिलाफ कोई दमदार प्रत्याक्षी नहीं मिल रहा था...

तो राजीव गांधी ने सखा अमिताभ बच्चन को इलाहबाद से चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया...अमिताभ रण में उतरे...

> चुनाव चल रहे हैं..फेज में चुनाव चल रहे हैं...तो उम्मीदवारी भी उसी हिसाब से तय हो रही है...सुना है प्रियंका गांधी मां की सीट रायबरेली से चुनाव लड़ सकती हैं...अगर वे चुनाव लड़ती हैं तो मुकाबले में सिने स्टार माधुरी दीक्षित को उतारा जा सकता है...हालांकि पार्टी और भी नामों पर चर्चा कर रही है...कर चुकी है...अमेठी से राहुल गांधी उतर सकते हैं...सामने मैडम सीरियल होंगी...इस बात में कोई शक नहीं..बस राहुल को एहतियात बरतना होगा...जब भी मैडम सीरियल से सामना हो...निगाह बचा के निकल जाएं....निगाहें मिलने पर फ्लाईंग किस का मामला वायरल हो सकता है...फिर आरोप सिर मढ़ा जा सकता है।

खासा समर्थन मिला...युवाओं ने दिल खोल कर साथ दिया..लड़कियों ने दुपट्टे बिछा दिए...बहुगुणा के लिए हालात बद्तर होने लगे... इसके बावजूद बहुगुणा ने कहा था कि एक नाचनेवाला...राजनीति के इस खिलाड़ी का मुकाबला नहीं कर सकता...फिल्मों में ठुमके लगाना अलग बात है और राजनीति में पैंतर आजमाना अलग बात...बहरहाल, चुनाव हुआ...परिणाम आया..अमिताभ चुनाव जीत गए ...राजनीति के खिलाड़ी बहुगुणा चुना हार गए...

पार्टी भी यही चाहती थी...बहुगुणा पार्टी छोड़ कर गए थे... तो पार्टी नहीं चाहती थी कि बहुगुणा जीतें...और रिजल्ट के बाद तय हो गया कि बहुगुणा संसद नहीं पहुंचेंगे...रायबरेली से अगर सिने अदाकारा माधुरी दीक्षित चुनाव लड़ती हैं तो मुकाबला कांटे का हो सकता है...माधुरी के दीवाने कम नहीं...

ऊपर से भाजपा का कैडर बेस कार्यकर्ता मौजूद रहेगा....बाबाजी का समर्थन और मोदी का साथ...निश्चय ही मुकाबले को कांटे का बना सकता है...अलबत्ता यह सब टिकट मिलने पर निर्भर करता है...


बता दें रायबरेली से एक नाम वरुण गांधी का भी चल रहा है...हालांकि वे अभी तक ऐसी परीस्थिति में चुनाव लड़ने को तैयार नहीं दिखते हैं...एनवक्त पर क्या होता है, कह नहीं सकते....लेकिन इतना तय है कि कांग्रेस की परंपरागत सीट रही रायबरेली पर इस बार सबकी नजर रहेगी...

अभी तक वहां प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है...किसी भी दल ने प्रत्याशी घोषित नहीं किया है...तो थोड़ा इंतजार करें बस...दिल को धक-धक करने दें...क्या पता धक-धक गर्ल ही प्रियंका के सामने मैदान में हो...

तब तक हम और आप माधुरी की फिल्मो का मजा लेते हैं...जब फिल्में देखते बोर हो जाएं तो बड़े साहब की बातें सुनें...यकीं मानिए, फिल्मों से ज्यादा मनोरंजन होगा...।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# विरासत टैक्स-जिंदगी भर टैक्स तले दबे हैं साहब, मौत के बाद तो छोड़ दो सरकार !



एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानी




वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है के दुनियां की कोई भी सरकार शासन प्रशासन आर्थिक स्तंभ के बिना खड़ी नहीं हो सकती सबसे बड़ी प्राथमिकता वित्तीय उपलब्धता करना है, जिसका एक ही मार्ग है टैक्स! टैक्स! टैक्स !पूरी दुनियां में शायद ही कोई ऐसा देश होगा जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से टैक्स न लगता हो।यानें अपने नागरिकों प्रवासियों अप्रवासियों पर बिना टैक्स लगाए कोई भी सरकार शासन प्रशासन नहीं चला सकती है। हर देश अपने नागरिकों पर अपनी परिस्थितियों स्थितियों के अनुसार टैक्स का प्रावधान करता है, जो अपने प्रतिवर्ष पेश होने वाले बजटमें कर दिया जाता है। यह चर्चा आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि व्यक्ति फर्म कंपनियां या फिरएचयूएफ जब तक जीवित हैं तब तक टैक्स भरेंगे जो लाजमी भी है, परंतु यदि व्यक्ति की मृत्यु पर उसके द्वारा पूर्ण टैक्स भरी हुई संपत्ति को उसके बेटों बेटियों या वंशजों को अगर वह संपत्ति हस्तांतरित की जाए तो उसपर भी भारी भरकम टैक्स लगाए जाने की बात अगर की जाए तो मेरा मानना है कि यह कुछ हद तक नाइंसाफी जरूर होगी। पिछले दो दिनों से विरासत टैक्स की चर्चा तब शुरू हुई जब पूर्व बड़े अधिकारी और बड़ी राजनीतिक पार्टी से जुड़े एक शख्सियत ने अमेरिका की तर्ज पर भारत में भी विरासत टैक्स शुरू करने के अपने विचार साझा किया तो, बात दूर तरह तलक चली गई। सत्ताधारी पार्टी ने मुद्दे को लपक लिया क्योंकि वैसे भी इलेक्शन महापर्व शुरू है,इसलिए माननीय पीएम महोदय ने भी इस मुद्दे पर अपने विचार साझा कर विरासत टैक्स पर असहमति जता दी जबकि विरासत टैक्स भारत में पहले वसूला जाता था, जो 1985 में तत्कालीन पीएम ने समाप्त कर दिया था। जबकि कुछ समय पूर्व ही सत्ताधारी पार्टी के दो पूर्व वित्त मंत्री विरासत टैक्स की वकालत करते रहे हैं परंतु मेरा निजी मत है कि विरासत, टैक्स जिंदगी भर टैक्स तले दबे हैं, अब मौत के बाद तो छोड़ दो सरकार,क्योंकि विरासत टैक्स के विचार के खिलाफ गरीब से अमीर तक के आक्रोश का तूफान उठने की संभावना को रेखांकित करना होगा।

इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत का हर जागरूक नागरिक अपने बाप दादाओ से विरासत में मिली संपत्ति पर विरासत टैक्स देना बर्दाश्त नहीं करने की संभावना है,जो वोट देकर उसका जवाब देगा। साथियों बात अगर हम विरासत टैक्स पर मचे घमासान की करें तो एक विपक्षीपार्टी से जुड़े बहुत पुराने नेताकेअमेरिका जैसा विरासत कर वाले बयान पर सियासी घमासान मच गया है।हालांकि विरासत कर की अवधारणा भारत के लिए नई नहीं है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अतीत में इस विचार पर विचार किया है और दोनों दलों के नेता इसके पक्षधर रहे हैं। विपक्षी पार्टी के नेता द्वारा अमेरिका जैसा विरासत कर की वकालत करने के बाद भारत में चुनावी माहौल गर्म हो गया है। पार्टी नेता ने बयान पर चर्चा की।इन दिनों सियासी पारा पूरी तरह से गर्म है। भाजपा और कांग्रेस में आरोप प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। बीते कुछ दिनों से कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर भाजपा हमलावर है। पीएम अपनी रैलियों में आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति इकट्ठा कर बंदरबांट करेगी। यह विवाद थमा नहीं था कि कांग्रेस नेत ने अमेरिका के विरासत कर की वकालत करके एक नई बहस छेड़ दी है। बयान के बाद भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियां देश को बर्बाद करने वाली हैं। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख ने बुधवार को कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारी मेहनत से बनाई संपत्ति का आधा हिस्सा छीन लिया जाएगा।

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा था,अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है,और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है।

यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है।

आगे कहा, भारत में आपके पास ऐसा नियम नहीं है। अगर किसी की संपत्ति 10 अरब है और वह मर जाता है, तो उसके बच्चों को 10 अरब मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता। इसलिए लोगों को इस तरह के मुद्दों पर बहस और चर्चा करनी होगी।आगे कहा, यह एक नीतिगत मुद्दा है। कांग्रेस पार्टी एक ऐसी नीति बनाएगी, जिसके माध्यम से धन का बांटना बेहतर होगा।

साथियों बात अगर हम दिनांक 25 अप्रैल 2024 को विरासत टैक्स पर विपक्षी पार्टी के बड़े लीडर के बयान की करें तो, विरासत टैक्स को लेकर पीएम के बयान पर स्पष्टीकरण दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस मेनिफेस्टो की बुकलेट लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारे घोषणा पत्र में कहीं भी विरासत टैक्स का जिक्र नहीं है।

आगे कहा,सच यह है कि 1985 में तत्कालीन पीएम ने इस विरासत टैक्स को खत्म कर दिया था। हमने कभी भी विरासत टैक्स का जिक्र नहीं किया। अरुण जेटली और जयंत सिन्हा जैसे भाजपा नेताओं ने विरासत टैक्स के पक्ष में वकालत की है। वास्तव में यह हमारा नहीं, भाजपा का एजेंडा है।

आगे कहा, पीएम असत्यमेव जयते का प्रतीक हैं। उनका प्रचार झूठ पर आधारित है। वे बोल रहे हैं कि हमारे मेनिफेस्टो में प्रॉपर्टी बांटने का जिक्र है। मैं उन्हें चैलेंज करता हूं कि हमारे 50 पेज के मेनिफेस्टो में एक शब्द भी ऐसा नहीं है जो प्रॉपर्टी बांटने का जिक्र करता हो। पीएम ने हाल ही में अपने कई चुनावी भाषणों में कहा है कि कांग्रेस चुनाव जीतने के बाद माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर टैक्स लगाएगी।

साथियों बात अगर हम विरासतकर को जानने और संविधान के अनुच्छेद 39(बी) की व्याख्या की करें तो विरासत कर एक व्यक्ति द्वारा विरासत के हिस्से के रूप में मिली संपत्ति पर लगाया जाने वाला कर है। यह राज्य द्वारा लगाई जाने वाली कर व्यवस्था है।

अमेरिका की विरासत कर या इनहेरिटेंस टैक्स व्यवस्था उस धन, संपत्ति पर लगती है जिसे कोई व्यक्ति मरने के बाद दूसरों के लिए छोड़ देता है। जिसे संपत्ति मिलती है उसे ही विरासत कर का भुगतान करना होता है। हालांकि, इस कर को लागू करने में कई कारकों की भूमिका होती है। ये कारक यह निर्धारित करते हैं कि कितना कर भुगतान किया जाना चाहिए और मृतक कहां रहता था, संपत्ति पाने वाले के साथ उनके रिश्ते कैसे थे।सुप्रीम कोर्ट की नौ-न्यायाधीशों की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) की व्याख्या के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीठ यह निर्धारित करेगी कि डीपीएसपी सरकार को निजी संपत्तियों के पुनर्वितरण की अनुमति देता है या नहीं।

यह मुद्दा 1977 के रंगनाथ रेड्डी मामले के चलते उपजा है, जिस पर जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर ने असहमतिपूर्ण दृष्टिकोण रखा है।

इस मामले को फरवरी 2002 को नौ-न्यायाधीशों की पीठ द्वारा व्याख्या के लिए भेजा गया था। अनुच्छेद 39 (बी) में प्रावधान है कि राज्य अपनी नीति को यह सुनिश्चित करने की दिशा में निर्देशित करेगा कि समुदाय के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस प्रकार वितरित किया जाए कि आम हित के लिए सर्वोत्तम हो। कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि सामुदायिक संसाधनों में कभी भी निजी स्वामित्व वाली संपत्तियां शामिल नहीं हो सकतीं। अधिवक्ताओं के अनुसार, संविधान से चलने वाले लोकतांत्रिक देश में इस विचार की कोई जगह नहीं है जो नागरिकों के मौलिक अधिकारों को प्रधानता देता है।

साथियों बात अगर हम अमेरिका में विरासत टैक्स की करें तो,अमेरिका में विरासत कर की व्यवस्था केंद्र स्तर पर नहीं लागू नहीं है। संयुक्त रा'य अमेरिका में 50 राज्य और कोलंबिया जिला शामिल हैं लेकिन विरासत कर वाली व्यवस्था महज छह राज्यों में ही लागू है। विरासत कर लगाने वालों अमेरिकी राज्यों में आयोवा, केंटकी, मैरीलैंड, नेब्रास्का, न्यू जर्सी और पेंसिल्वेनिया शामिल हैं। हालांकि, आयोवा राज्य ने घोषणा की है कि वह 2025 में अपने विरासत कर को समाप्त कर देगा। विरासत कर कितना है और इसे किसे भुगतान करना है, इसके बारे में हरेक राज्य के अपने-अपने नियम हैं। आयोवा राज्य में विरासत कर 1प्रतिशत से 4प्रतिशत तक होता है। नियम के अनुसार, पति-पत्नी, बच्चे, सौतेले बच्चे, माता-पिता, दादा-दादी और परदादा, पोते-पोतियां और पर-पोते-पोते को छूट है।

इसके अलावा, 500 अमेरिकी डॉलर तक की चैरिटी की छूट भी मिलती है। केंटकी में मृतक से रिश्ते के आधार पर डॉलर 500 या डॉलर 1, हज़ार से अधिक की संपत्ति पर टैक्स लागू होता है। यह कर 4प्रतिशत से 16प्रतिशत तक होता है। नियम के अनुसार, पति-पत्नी, माता-पिता, बच्चे, सौतेले बच्चे और पोते-पोतियां और भाई-बहनों को रियायत है मैरीलैंड में डॉलर 1हज़ार से अधिक की संपत्ति पर कर की दर 10प्रतिशत है। पति-पत्नी, बच्चे, माता-पिता, दादा दादी,पोते पोतियां भाई-बहन और दानदाताओं को कर से छूट मिलती है।

जानकारी के अनुसार, मैरीलैंड वह राज्य है जो विरासत कर और संपत्ति कर दोनों लगाता है।नेब्रास्का राज्य में माता-पिता, बच्चे, भाई-बहन और दादा-दादी डॉलर 1लाख़ से अधिक की संपत्ति पर 1 प्रतिशत का भुगतान करते हैं। चाची, चाचा, भतीजी और भतीजे डॉलर 40हज़ार से अधिक की संपत्ति पर 11प्रतिशत का भुगतान करते हैं। अन्य सभी उत्तराधिकारी डॉलर 25 हज़ार से अधिक की संपत्ति पर 15प्रतिशत का भुगतान करते हैं। हालांकि, 22 वर्ष से कम आयु के पति पत्नी और उत्तराधिकारियों को छूट मिलती है।

न्यू जर्सी में संपत्ति की कीमत और मृतक के साथ रिश्ते के आधार पर 11प्रतिशत से 16प्रतिशत तक कर लागू होता है। पति/पत्नी, बच्चों, माता-पिता, दादा-दादी, पोते-पोतियों और धर्मार्थ संगठनों को इससे रियायत है। वहीं भाई-बहनों और बेटों/बहुओं को डॉलर 25हज़ार तक की छूट है। पेंसिल्वेनिया में डॉलर 3,5 सव से अधिक की संपत्ति पर बच्चों, माता-पिता और दादा-दादी के लिए कर 4.5 प्रतिशत कर की व्यवस्था है। भाई-बहनों को 12 प्रतिशतऔर अन्यउत्तराधिकारियों को 15 प्रतिशत टैक्स देना होता है। हालांकि, जीवनसाथी, 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और दान संस्थाओं को छूट है।

अतः अगर हम अपरूप पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विरासत टैक्स जिंदगी भर टैक्स तले दबे हैं साहब, मौत के बाद तो छोड़ दो सरकार! विरासत टैक्स के विचार के खिलाफ़ गरीब से अमीर तक के आक्रोश का तूफान उठने की संभावना को रेखांकित करना होगा।

भारत का हर जागरुक नागरिक अपने बाप दादाओ से विरासत में मिली संपत्ति पर विरासत टैक्स देना बरदाशत नहीं करने की संभावना-वोट देकर जवाब देने की तैयारी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# टीएमयू दुर्लभ जैन ग्रंथों के अनुवाद में करेगी मदद : कुलाधिपति जैन

**खबरों की दुनिया**

मुरादाबाद। राष्ट्र संत डॉ. गुप्तिसागर मुनिराज के सानिध्य में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कुलाधिपति एवम् कुलपति सम्मेलन में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुरेश जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन और वीसी प्रो. वीके जैन की रही उल्लेखनीय मौजूदगी।

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति सुरेश जैन ने अति महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी दुर्लभ जैन ग्रंथों का अनुवाद करने में अहम रोल अदा करेगी। उल्लेखनीय है, स्वामी महावीर के काल में प्राकृत भाषा चलन में थी। यदि प्राकृत भाषा के दुर्लभ जैन ग्रंथ हिन्दी, अंग्रेजी के संग-संग दीगर भाषाओं में अनुदित हो जाएंगे तो वैश्विक स्तर पर जैन शोधार्थियों के लिए यह वरदान साबित होगा। कमिटमेंट को सफलता का पर्याय बताते हुए कुलाधिपति बोले, प्रतिबद्धता को हरेक इंसान को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कमिटमेंट व्यक्तिगत और व्यावसायिक कामयाबी के लिए अनिवार्य है। साथ ही बोले, कमिटमेंट



के संग बड़ी सोच और बड़े सपनों से ही आप जीवन में आगे बढ़ेंगे, इसीलिए ज्ञान के संग-संग कमिटमेंट के प्रति ईमानदारी ज़रूरी है। उन्होंने मुनिराजश्री के हर आदेश का अक्षरशः पालन करने की प्रतिबद्धता जताई। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में राष्ट्र संत डॉ. गुप्तिसागर मुनिराज के सानिध्य में आयोजित राष्ट्रीय कुलाधिपति एवम् कुलपति सम्मेलन में बोल रहे थे। इस सुअवसर पर कुलाधिपति को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। स्मृति चिन्ह भी दिए गए। मुनिराजजी ने श्री सुरेश जैन को पुस्तकों का एक सेट भी भेंट किया। सम्मेलन में संतश्री की पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ। कार्यक्रम में एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन और टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन की भी ख़ास उपस्थिति रही। संचालन प्रो. नलिन के. शास्त्री ने किया।

राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए वीसी प्रो. वीके जैन ने अपने सारगर्भित संबोधन में जैन छात्रों के लिए टीएमयू में चल रही कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, तीर्थंकर महावीर यूनीवर्सिटी में संस्कारमय शिक्षा दी जाती है। जीवन में हार्ड वर्क और टेक्नोलॉजी नॉलेज के संग-संग अच्छा इंसान बनना भी जरूरी है। उन्होंने जीवन में गुरू के महत्त्व पर भी प्रकाश डाला। प्रो. जैन ने अपने संबोधन में संस्कृत और हिंदी कविता के जरिए भी अपनी भावनाएं व्यक्त की। विकसित भारत के लिए जैन धर्म के सिद्धांतों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन में तीर्थंकर महावीर यूनीवर्सिटी के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन के अलावा कोर विवि- रुड़की के श्री जेसी जैन, एकलव्य विवि की चांसलर डॉ. सुधा मलैया की भागीदारी रही, जबकि दिल्ली यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। देश-विदेश के शिक्षाविदों ने ब्लेंडेड मोड में उदय विकसित भारत कारू जैन धर्म एवम् दर्शन का योगदान पर भी अपने विचार व्यक्त किए।

# गोबर क्रांति : बढ़ने लगा गोमय उत्पादों का प्रचलन –पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायक

**खबरों की दुनिया**

**जयपुर।** वर्षों पहले तक क्या किसी ने यह सोचा था कि, गोबर से बने साबुन से भी नहाया जा सकता है या गोबर से ही बने इत्र को लगाकर लोगों के बीच सुगंध बिखेरी जा सकती है? शायद नहीं! लेकिन टच स्क्रीन की इस आभासी दुनिया में जहां एक क्लिक पर दुनिया भर के काम हो रहे हैं, वहीं गोबर से बने साबुन और इत्र की सुगंध भी तेजी के साथ एक क्रांति की तरह फैल रही है। इतना ही नहीं दीपक, राखी, गोकाष्ठ, धूपबत्ती, कागज–पेन, साबुन, शैम्पू, हवन सामग्री, तेल, मंजन, पेंट, पेपर, बैग, ईंट और भी कई सारे गोमय उत्पाद इन दिनों तेजी के साथ मार्केट में जगह बना रहे हैं। अब गोबर सिर्फ कंडे बनाने के काम नहीं आ रहा, यह रचनात्मकता का प्रतीक बन गया है। गोमूत्र से विभिन्न प्रकार की दवाइयां बनाई जा रही हैं, जो पेट की बीमारियों से लेकर चर्म रोगों, आंत्रशोथ, पीलिया, सांस की बीमारी, विरेचन कर्म, मुख रोग, नेत्र रोग, अतिसार, मूत्राघात, कृमिरोग आदि अनेक रोगों में प्रभावी हैं।

गोमय उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता के चलते इसे गोबर क्रांति कहा जाने लगा है।लगभग दो दशक से गोवंश संरक्षण व संवर्धन पर काम कर रहे श्रीगंगानगर के नोहर भादरा उपज मंडी के सचिव पं.विष्णु शर्मा कहते हैं कि, ''गोबर और गोमूत्र से उत्पादों का निर्माण वास्तव में एक क्रांति है। इससे गोवंश की दशा में सुधार आएगा। गोबर और गोमूत्र की उपयोगिता बढ़ेगी तो लोग गोवंश के संरक्षण के लिए प्रेरित होंगे। लावारिस गोवंश की संख्या में कमी आएगी तो गोतस्करी में भी कुछ हद तक कमी आएगी। अभी ऐसे गोवंश पर गोतस्करों की नजरें रहती हैं।'' पं.विष्णु शर्मा आगे बताते हैं कि, आज कुछ लोगों के प्रयास से गायों के संवर्धन और संरक्षण के लिए काम किया



जा रहा है। आम व्यक्ति कैसे पुनः गायों से जुड़ सके, इसके लिए पंचगव्य से अलग–अलग तरह के उत्पादों का भी निर्माण किया जा रहा है, जो अब घरों तक पहुंचने लगे हैं। सुझाव के रूप में शर्मा कहते हैं कि, ''हम पुनः अपनी प्रकृति, गांव और गाय की ओर लौंटे। गोमय उत्पादों का उपयोग करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।'' वहीं, पिछले कुछ वर्षों से पंचगव्य से लोगों का उपचार कर रहीं जयपुर निवासी अनीता शर्मा कहती हैं कि ईश्वर ने हमारी गोमाता के इन पंचगव्यों दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर में अपार शक्ति दी है। इनके माध्यम से असाध्य रोगों का उपचार किया जा सकता है। शर्मा अपनी गोशाला में गोमूत्र और गोबर से कई सारे उत्पादों का निर्माण करती हैं। जो उपचार के अलावा बेचे भी जाते हैं। वे गहरी चिंता जताती हैं कि, ''हम लोग आधुनिकता की अंधी दौड़ में अपनी संस्कृति, संस्कार और परंपराओं को भूल चुके हैं, इसलिए ना सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक व्याधियों ने हमको बुरी तरह से घेर लिया है। हमारी आधुनिक जीवनशैली ने हमें डायबिटीज, हाइपरटेंशन, थाइरॉयड, डिप्रेशन और मोटापा जैसी अनेक बीमारियां दी हैं। जीवन शैली आधारित इन बीमारियों को ठीक किया जा सकता है यदि हम संयमित जीवन जिएं। इसके लिए हमें खान पान से सम्बंधित अपनी पुरानी परम्पराएं अपनानी होंगी, पंचगव्यों की ओर लौटना होगा साथ ही शारीरिक श्रम को भी महत्व देना होगा।''

हमारे ग्रंथों में कहा गया है- गोमय वस्ते : लक्ष्मी। अर्थात 'गोबर में मां लक्ष्मी निवास करती हैं।' कुछ लोग इसी टैग लाइन के साथ अब गोमय उत्पादों को जोड़कर इसे आर्थिक उद्यमिता के एक सशक्त माध्यम के रूप में देख रहे हैं। सरकार का रुख भी सकारात्मक है।

भारत सरकार के उपक्रम खादी ग्रामोद्योग विभाग ने गाय के गोबर से साबुन बनाया है। इस बिंदु पर 'गौकृति' के संस्थापक व देसी गोवंश के गोबर से कागज बनाने की अनूठी पहल करने वाले जयपुर के भीमराज शर्मा बताते हैं कि, 1 टन पेपर के लिए लगभग 17 पेड़ों की कटाई की जाती है। कागज के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण को लगातार हानि हो रही है। इस क्षति को रोका जा सकता है। वे कहते हैं कि, गोबर से कागज बनाकर जीरो प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है। आज कागज बनाने के लिए पूरी दुनिया में प्रतिदिन 80 हजार से डेढ़ लाख पेड़ काटे जा रहे हैं। कागज बनाने के लिए गोबर पेड़ों का एक बड़ा विकल्प हो सकता है।

शर्मा गोबर से कागज बनाने की अपनी पहल के बारे में बताते हैं कि, ''काफी अध्ययन के बाद हमने गोबर को चुना और गोमय कागज बनाने के प्रयास में जुट गए।

2016 से हमने गोमय कागज बनाने पर काम शुरू किया। साथ ही गोबर के अन्य उत्पाद बनाना शुरू किया। 2019 में पेटेंट के लिए आवेदन किया। मिल पेपर से बने उत्पाद और हमारे गोबर से बने कागज के उत्पादन में भी ज्यादा अंतर नहीं है। मिल पेपर पेड़ को काटकर उसके पल्प से तैयार किया जाता है जबकि गौकृति कागज पूर्ण रूप से वेस्ट से तैयार होता है।'' भीमराज अपने उत्पादों के निर्माण के लिए अधिक कीमत देकर गोबर खरीदने से भी नहीं हिचकते।

अपने एक अन्य प्रयोग के बारे में वे बताते हैं कि, आमतौर पर शादी के कार्ड फेंक दिए जाते हैं या रद्दी में चले जाते हैं। हम बीज और वनस्पति युक्त ऐसे कार्ड बना रहे हैं जो मिट्टी में मिलने के बाद सुंदर पौधों को जन्म देते हैं। आज गोवंश संरक्षण हमारे सामने एक अहम प्रश्न है। क्या गो–संरक्षण की जिम्मेदारी मात्र गोशालाओं एवं गो–सदनों पर ही छोड़ देना उचित है? इसका उत्तर स्वाभाविक है 'नहीं'..। ऐसे में आज आवश्यकता है पंचगव्य उत्पादों के बेहतर निर्माण की। इस संबंध में किए जाने वाले सही प्रयोगों की।

साथ ही ऐसे प्रशिक्षण केंद्रों की भी, जो उद्यमी को विभिन्न गोमय उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया का प्रशिक्षण दें और उसके उत्पाद को बेचने में सहायता करें। इससे जैविक खेती और पंचगव्य उत्पादों के लिए अनुकूल वातावरण बनेगा। सरकार को इस ओर विशेष ध्यान देना होगा। आज यह बहुत आवश्यक हो जाता है कि, हम 'अथर्ववेद' के उस सूत्र वाक्य को दोहराएं, 'गाय संपदाओं का घर है।' इसे यथार्थ में बदलने का दायित्व हम सबका है।

# जिले में आईपीएल सट्टे ने पसारे पैर

## युवा वर्ग आया इसकी जद में, पुलिस साधे है चुप्पी

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर रखी है जो अपराध पर नजर रखे हुए है लेकिन जिले में आई पी एल सट्टे ने पैर पसार रहा है मगर पुलिस इस पर अंकुश नहीं लगा पा रही है और इसकी लत में आया युवा वर्ग कंगाल होता जा रहा है।

इन दिनों चल रहे आईपीएल मैचों में सट्टा बाजार गर्म होता जा रहा है। जिसमें काफी युवा वर्ग लालच के चक्कर में घुसता जा रहा है और मैचों का शिकार होकर कंगाल होते नजर आ रहे हैं। जो युवा देश का भविष्य माना जाता है वह मैचों की सट्टे बाजी में फंसता चला जा रहा है। इन युवाओं को पैसे का लालच देकर इसमें फंसाया जा रहा है। आज स्थिति ये है कि काफी युवा इसकी जद में आ गया है। इनको खिलाने के लिए जगह जगह लोगों ने गद्दी खोल रखी हैं जिनमें कुछ तो पुराने लोग हैं और कुछ नए लोगों ने भी गद्दी खोल रखी है। गद्दी वाले को रकम पर



कमीशन मिलता है इसीलिए वह ज्यादा ग्राहक ढूंढते हैं जिससे उनके कमीशन में बढ़ोत्तरी हो सके।

### गद्दी वाले हुए हाईटेक

जो लोग गद्दी चलाकर युवाओं को मैच खिलाते हैं वह हाईटेक हो गए हैं। हाईटेक यानि के वह मोबाइल की सिम बदल बदल कर मैच खिलाते हैं और वह अपनी जगह भी बदलते रहते हैं जिससे वे पुलिस की पकड़ में न आ सके। यह लोग मोबाइल के साथ साथ लैपटॉप का भी उपयोग करते हैं।

### गद्दी वालों का है पुलिस से तेज नेटवर्क

इन गद्दी वालों का पुलिस से भी तेज नेटवर्क है अगर पुलिस इनके खिलाफ कार्रवाई की सोचती है तो उनको तुरंत सूचना मिल जाती है और यह अपना स्थान बदल लेते हैं और पुलिस के हाथ कुछ नहीं लग पाता है। ऐसे में पुलिस को बैरंग लौटना पड़ता है।

### पुलिस और गद्दी वालों का गठजोड़

एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर जानकारी देते हुए बताया कि इन गद्दी वालों की कुछ पुलिसकर्मियों से सांठगांठ है इस वजह से ये लोग पुलिस की कार्यवाही से बच जाते हैं। इस कारण इनके हौंसले बुलंद बने हुए हैं और ये लोग बेखौफ होकर युवाओं को मैच खिलाते हैं। ऐसा नहीं है कि पुलिसकर्मियों को इन लोगों के बारे में जानकारी नहीं हो मगर इन पर अभी तक हाथ नहीं डाल पाई है।

# छज्जा गिरने से एक दर्जन घायल

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

लोगों को क्या पता थी कि वह जिस छज्जे पर खड़े होकर झगड़े को देख रहे हैं वह टूटकर गिर जाएगा। हुआ यूं कि कोतवाली थाना क्षेत्र के सागरपाड़ा मौहल्ले में एक मकान का छज्जा टूटकर गिरने से एक दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया।

मकान के छज्जे पर खड़े सभी लोग कॉलोनी में हो रहे झगड़े को देख रहे थे। घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार शाम के समय मोहल्ले के दो युवक सूरज और आकाश के बीच झगड़ा चल रहा था।



जिसे देखने के लिए एक ही घर के लोग मकान के छज्जे पर आ गए। तभी अचानक छज्जा टूटकर गिर गया।

जिसके ऊपर खड़े सभी लोग नीचे गिरकर घायल हो गए। हादसे में घायल हुए हुकुम सिंह पुत्र दिनेश, पुष्पेंद्र पुत्र घनश्याम, निशांत पुत्र मुनीम, रवि पुत्र हरिओम, जगदीश पुत्र हुकुम सिंह, प्रमोद पुत्र रामजीलाल, मुनीम पुत्र गोपाली राम, सिकंदर पुत्र पप्पू, विमलेश पत्नी मुनीम, अजीत पुत्र मुनीम और खुशी पुत्री दीपू घायल हो गए। मकान का छज्जा टूटते ही मौके पर कोहराम मच गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# सांख्यिकी निदेशालय के जिला प्रभारी ने किया जिला एवं ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालयों का निरीक्षण

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय जयपुर से नियुक्त जिला प्रभारी दीपक शर्मा एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी द्वारा उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी कार्यालय धौलपुर का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिला प्रभारी दीपक शर्मा को विभागीय कार्यों की प्रगति से अवगत करवाया गया। उन्होंने सहायक निदेशक मुकेश कुमार एवं विभाग के सभी कर्मचारियों के साथ कार्यों को लेकर बैठक ली। उन्होंने आमजन से सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथोचित निस्तारित करने के लिए कहा। बैठक में जन आधार के समस्या समाधान, फसल कटाई प्रयोग, एसडीजी, प्रकाशन, एएसआई, स्थानीय निकाय लेखे, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, ईग्राम, संस्था आधार आदि कार्यों पर चर्चा की गई। उन्होंने जिला कार्यालय में भवन की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई के लिये एवं विभागीय कार्यों की समय पर अक्षरशः पालना करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला प्रभारी द्वारा ब्लॉक धौलपुर एवं ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय बाडी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सुरेन्द्र मीना एवं संगणक भगवान सिंह मीना उपस्थित मिले। कार्यालय उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग धौलपुर में ओमप्रकाश मीना, एएसओ मनोज कुमार गुर्जर, एएसओ गोविन्द सिंह, अति. प्रशा.अधि. शिवनारायण मीना, सांख्यिकी निरीक्षक राहुल गर्ग, वरिष्ठ सहायक सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह हेतु प्रशासन ने बनाये कंट्रोल रूम

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

आगामी अक्षयतृतीया, पीपल पूर्णिमा एवं अन्य सावों पर बाल विवाहो को रोकने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशानुसार जिला स्तर से लेकर उपखंड स्तर तक 24 घंटे सक्रिय रहने वाले कंट्रोल रूमों की स्थापना की गई है। जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसके नोडल एडीएम ब्रह्मलाल जाट (मो-9414314312) एवं प्रभारी अधिकारी सहायक निदेशक विश्व देव पांडेय (मो-8005926900) को बनाया गया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नम्बर 05642-299112 एवं ईमेल आईडी dlo.dcpudho@rajasthan.gov.in है। इसके साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस कंट्रोल रूम 100, 112, राजस्थान संपर्क 181 नियमित रूप से कार्यशील रहेंगे।

उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम धौलपुर का नम्बर 05642-220025 एवं ईमेल आईडी sdo.dholpur@gmail.com है, जिसका प्रभारी नायब तहसीलदार राकेश गिरी (मो-7597152376) को बनाया गया है। उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम बाड़ी का नम्बर 05647-273505

है, जिसका प्रभारी तहसीलदार मौहम्मद हनीफ (मो-9694701562) को बनाया गया है। उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम सैपऊ का नम्बर 7878055721 एवं ईमेल आईडी sdm.saipau@gmail.com है, जिसका प्रभारी नायब तहसीलदार रघुवीरसिंह (मो-7878055721) को बनाया गया है। उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम राजाखेड़ा का नम्बर 05642-233012 एवं ईमेल आईडी trajakhera@gmail.com एवं sdmrajakhera@gmail.com है, जिसका नोडल तहसीलदार टीकेन्द्र सिंह (मो-9829606854) एवं प्रभारी सीडीपीओ अवनीश कुमार (मो-9667066967) को बनाया गया है। उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम बसेडी का नम्बर 05646-299094 है, जिसका प्रभारी सीडीपीओ रतनेश यादव (मो-8928629767) को बनाया गया है। उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम सरमथुरा का नम्बर 9414375875 है, जिसका प्रभारी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल (मो-9414375875) को बनाया गया है।

# जिला पुलिस अधीक्षक ने ली सरपंचों की बैठक



**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा द्वारा पंचायत समिति सैंपऊ, धौलपुर एवं राजाखेड़ा के सरपंचों की बैठक लेकर उनकी समस्याओं को सुना तथा उन्हें पुलिस की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस प्रशासन हर समय आमजन की सेवा में तत्पर है इसके लिए उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर एवं स्वयं का मोबाइल नंबर भी सभी के साथ साझा कर कहा कि किसी भी समय पुलिस सहायता की आवश्यकता होने पर संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर काफी संख्या में सरपंच मौजूद रहे।

# मकान के बंटवारे को लेकर दो भाईयों में हुआ झगड़ा

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

नारायण बिहार कॉलोनी में मकान के बंटवारे को लेकर दो भाईयों के बीच विवाद हो गया। विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया वह मारपीट में तब्दील हो गया। भाई और भतीजों ने चाचा-चाची की हॉकी से मारपीट कर दी जिससे वह घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अस्पताल में भर्ती कराए गए घायल धर्मवीर पुत्र मोहन सिंह ने बताया कि मकान के बंटवारे को लेकर उसका बड़े भाई सतपाल से हिसाब चल रहा था। हिसाब के दौरान उसके भतीजे रमाकांत और अंकित झगड़ा करने लगे। झगड़े के बाद भाई और भतीजे ने हॉकी और डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। पति को पिटाई होते देख उसे बचाने पहुंची पत्नी रूबी की भी आरोपियों ने हॉकी और डंडे से मारपीट कर दी। घटना के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का उपचार किया जा रहा है। घायल दंपति ने बताया कि पूर्व में भी आरोपी पक्ष उनसे झगड़ा कर चुका है। घटना को लेकर पीड़ित दंपती ने निहालगंज थाने में शिकायत दी है।

# भैरुदान पुगलिया चेरिटेबल ट्रष्ट के सौजन्य से पक्षियों हेतु पालसियों का वितरण

**चूरू ● खबरों की दुनिया**

महापुरुष समारोह समिति के तत्वावधान में भैरुदान पुगलिया चेरिटेबल ट्रस्ट श्री डूंगरगढ़ के मांगीलाल डा पूनम चंद मोहनलाल प्रेम कुमार बाफना निर्मल कुमार पुगलिया की हमेशा परहित की सोच रहती है। भैरूदान पुगलिया चेरिटेबल ट्रस्ट केआर्थिक सौजन्य से पक्षियों हेतु पालसियों का वितरण राष्ट्र भाषा हिन्दी प्रचार समिति श्रीडूंगरगढ़ में शुरू किया गया ।

शुभारम्भ के अवसर पर संस्थाअध्यक्ष श्रीगोपाल राठी ने कहा कि जीव सेवा मनुष्य का कर्तव्य है, हमें पक्षियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं हेतु संवेदनशीलता के साथ सक्रिय रहना चाहिए । समिति सदस्य विजय महर्षि ने बताया कि 25 से 30 अप्रेल तक प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक राष्ट्र भाषा हिन्दी प्रचार समिति न्यायालय के पास श्री डूंगरगढ़ में आमजन निः शुल्क पालसीए प्राप्त कर सकते है। भैरुदान पुगलिया चेरिटेबल ट्रष्ट के सेवा भावी निर्मल पुगलिया ने बताया कि पक्षियों हेतु 575 पालसीए एवं घोंसले वितरित किए जाएंगे ।

इस अवसर पर श्रवण कुमार भाम्भू, किशोर कुमार, नारायण सारस्वत, अनिल धायल, हरिराम पूनियां, हजारी सारण, परमेश्वर लाल, मुकेश कुमार, जयराम आदि उपस्थित रहे । संस्था के मंत्री सुशील सेरडिया ने दानदाता भैरुदान पुगलिया चेरिटेबल ट्रष्ट एवं पुगलिया परिवार का आभार प्रकट किया ।

महापुरुष सम्मान समारोह समिति श्रीडूंगरगढ़ का प्रमुख संस्थान है। जिसमें उल्लेखनीय सेवा करने वाले विशिष्ट विशेष जनो का समय समय पर सम्मान किया जाता है।

# कोतवाली पुलिस ने दुकानदारों से की समझाइश

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

### शहर में चलाया जायेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोतवाली पुलिस ने दुकानदारों से समझाइश की। दुकानदारों से उनकी दुकानों के आगे लगे स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हटाने की अपील की। थाना प्रभारी प्रमेन्द्र रावत ने बताया कि पूर्व में राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए थे। आदेश की पालना में धौलपुर शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए पिछले कुछ दिनों से नगर परिषद के साथ पुलिस की टीम लगातार दुकानदारों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की अपील कर रही है। कई जगह नगर परिषद के साथ मिलकर अतिक्रमण को हटाया भी गया है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण की वजह से जल भराव की समस्या बनी रहती है। जलभराव के साथ जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए कुछ दिन से नगर परिषद के साथ मिलकर शहर के कई इलाकों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है।

कोतवाली थाना प्रभारी प्रवेंद्र रावत ने बताया कि अभियान के तहत शहर भर के सभी हिस्सों से अतिक्रमण हटाकर जाम के साथ ड्रेनेज सिस्टम को सुधारा जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन जगहों पर अपील की गई है उन जगहों पर दो दिन बाद अतिक्रमण हटाया जाएगा। शहर में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# जिला कलक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**





जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को रोगियों के हित में बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में गुटखा खाकर थूकने वालो पर सख्ती करें। अस्पताल परिसर में केवल गंभीर मरीजों को लाने वाले वाहनों को ही अंदर आने दें जिससे मरीजों को सहूलियत मिल सके और अस्पताल परिसर में अवैध वाहनों का जमावड़ा रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने रजिस्ट्रेशन कक्ष, चिकित्सक कक्ष, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, जनरल वार्ड सहित अस्पताल के अन्य कक्षों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त चिकित्सक तथा नर्सिंग स्टाफ मौजूद मिला जिस पर जिला कलक्टर ने संतोष जताया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजों के लिए पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखें।

उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना हमारा दायित्व है लेकिन कई बार मरीजों के साथ आने वाले परिजन बिना वजह नर्सिंग स्टाफ से मारपीट कर देते हैं ऐसे लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने मरीजों से बात करते हुए अस्पताल की साफ-सफाई व डॉक्टरों व अन्य कर्मियों की सेवाओं के संबंध में फीडबैक लेते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय सिंह को आवश्यक निर्देश दिए।

# विद्यार्थी कठिन परिश्रम और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े तो हर सफलता मुमकिन: श्रीनिधि बीटी

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

जिले में ट्रेन वाली स्कूल के नाम से चर्चित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शेरपुर में छुट्टी से कुछ समय पहले अचानक जिला कलक्टर श्री निधि बीटी पहुंच गए। जिला कलेक्टर को अचानक अपने बीच पाकर छात्र एवं शिक्षक अचंभित रह गए। जिला कलक्टर बीटी के स्कूल पहुंचने पर संस्था प्रधान राजेश शर्मा व बाल संसद के पदाधिकारियों ने पुष्प देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी ने स्कूल की कक्षाओं में पहुंचकर छात्रों के शिक्षण के स्तर, विद्यालय के ट्रेन, हेरिटेज ,लाइब्रेरी व तिरंगे के स्वरूप सहित व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सरकारी स्कूल में इस तरह आकर्षक स्वरूप व्यवस्थित व्यवस्थाओं साफ सफाई तथा छोटे से गांव में बेहतरीन नामांकन की जमकर तारीफ कर संस्था व स्कूल के शिक्षकों एवं अभिभावकों की मेहनत की सराहना की। युवा जिला कलक्टर की सादगी को देखकर स्कूल के छात्र ,शिक्षक एवं ग्रामीण उनके मुरीद हो गए। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि विद्यार्थी समाज एवं देश की अमूल्य धरोहर है। इन्हें



अच्छी शिक्षा और अनुकूल माहौल मिले इसके लिए सरकार एवं शिक्षकों के साथ भामाशाहों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। इन दिनों परीक्षाओं का सीजन चल रहा है। बच्चे शिक्षकों द्वारा पढ़ाये गये पाठ्यक्रम का रिवीजन और कड़ी मेहनत कर खूब पढ़कर आगे बढ़े।

मेहनत के बल पर हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा ने कहा कि ग्रामीण अंचल के किसान मजदूर के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल व प्राइवेट स्कूल जैसा विद्यालय और केंपस मिले इसके लिए स्कूल को विशेष डिजाइन में तब्दील कराया गया है और लगातार भामाशाहों की मदद लेकर छात्रों के लिए सुविधाएं जुटाई जा रही है। इस से पहले स्कूल पहुंचने पर जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी का संस्था प्रधान राजेश शर्मा, अभिभावक डॉ. अतर सिंह बघेल , साहब सिंह, एसएमसी अध्यक्ष खरगजीत,स्कूल की बाल संसद में शिक्षामंत्री के रूप में कार्य कर रही छात्रा भारती बघेल, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण मंत्री देवकीनंदन, खेल मंत्री मोहित कुमार, सांस्कृतिक मंत्री अंजली, बागवानी मंत्री जोगेंद्र ने माल्यार्पण एवं पुष्प देकर स्वागत किया। इस मौके पर शारीरिक शिक्षिका रागिनी त्रिवेदी, अध्यापक शैलेंद्र सिंह, अमित कुमार शर्मा, गजेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, बिरखूलाल मौजूद रहे।

# संयुक्त भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'दस्तलिक' का समापन

## –टर्मेज़ कंबाइंड आर्म्स ट्रेनिंग रेंज में आयोजित संयुक्त भारत-उज़्बेकिस्तान सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' हुआ संपन्न

**जयपुर ● खबरों की दुनिया**

अभ्यास 'डस्टलिक' 15 अप्रैल 2024 से शुरू हुआ जिसमें अमोघ डिवीजन, फाजिल्का ब्रिगेड के सेवियर्स और सप्त शक्ति कमांड की मुल्तान बटालियन ने भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व किया, जबकि उज़्बेकिस्तान गणराज्य के सशस्त्र बलों के दो प्लाटून ने उज़्बेकिस्तान सेना का प्रतिनिधित्व किया। एक साथ खड़े होना और आतंकवाद से लड़ना दुनिया के दो देशों भारत और उज्बेकिस्तान का संकल्प है। इस संयुक्त अभ्यास में शांति और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का संकल्प का भरपूर प्रदर्शन किया गया। अभ्यास 'दस्तलिक' भारत और उज्बेकिस्तान के बीच द्विपक्षीय अभ्यास का पांचवां संस्करण था। संयुक्त अभ्यास आतंकवाद विरोधी अभियानों पर केंद्रित था और यह एक



प्लाटून स्तर का अभ्यास था और इसका उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच विचारों, अवधारणाओं और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान पर ध्यान देने के साथ दोनों सेनाओं के बीच अधिकतम सामंजस्य और अंतर-संचालनीयता प्राप्त करना था।

अभ्यास का समापन स्मॉल टीम इंसर्शन एक्सट्रैक्शन और कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन पर 48 घंटे लंबे सामरिक अभ्यास के साथ हुआ, जिसमें दोनों टुकड़ियों के सैनिकों को दो प्लाटून के बीच मित्र जोड़े में मिलाया गया, जिसमें एक भारतीय और एक उज़्बेकी सैनिक शामिल थे, जिससे अधिकतम एकजुटता प्राप्त हुई और भविष्य में किसी भी संयुक्त अभियान के लिए दोनों सेनाओं के बीच अंतरसंचालनीयता का विकास हुआ। यह अभ्यास भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने और परिचालन अनुभवों को साझा करने का भी एक अवसर था। भारत और उज़्बेकिस्तान की विविध और समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन और जश्न मनाते हुए सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। दोनों भाग लेने वाली टुकड़ियों ने उग्रवाद/आतंकवाद विरोधी अभियानों पर संबंधित देश और सेना की प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कीं, जिससे दोनों देशों के सैनिकों को काफी सीखने को मिला। इस अभ्यास का भारत और उज़्बेकिस्तान के बीच संबंधों को मजबूत करने में बहुत महत्व था और आतंकवाद मुक्त शांतिपूर्ण दुनिया के प्रति दोनों देशों की प्रतिज्ञा को और मजबूत किया।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## भुसावर में श्री हॉस्पिटल एंड सोनोग्राफी सेंटर खुलने से आमजन को मिली राहत

*–प्रत्येक महीने की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की फ्री होगी सोनोग्राफी : धारा मावई एम.डी*



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कस्बे में श्री हॉस्पिटल एंड रिसर्च सोनोग्राफी सेंटर का शुभारंभ होने से आमजन को राहत मिली है। हास्पिटल के एमडी धारा सिंह मावई ने जानकारी देते हुए बताया कि जनता की मांग को देखते हुए बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के नीचे हिन्डोन रोड पर श्री हास्पिटल एन्ड सोनोग्राफी सेंटर का श्री गणेश किया गया है। जिसमें डॉ कल्पना खोखड स्त्री रोग विशेषज्ञ -M.B.B.S-M.s-OBST-GYNEA, डॉ. अविनाश कुमार लेप्रोस्कोपिक जनरल सर्जन, डॉ एन.के. महला जनरल फिजिशियन जैसे अनुभवी डॉक्टर सेवा देंगे। हास्पिटल में 3डी सोनोग्राफी सुविधा, नार्मल डिलीवरी सुविधा, सभी प्रकार के आपरेशन की सुविधा, बांझपन का ईलाज, आईसीयू व एन आईसीयू की सुविधा, 24घन्टे आपातकालीन सेवाएं, एम्बुलेंस सुविधा,एसी रूम तथा तहसील स्तर पर एक मात्र आधुनिक पैथोलॉजी लैब सहित हर महीने की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की फ्री सोनोग्राफी की सुविधा एवं मरीजों की पूरी सुविधा का ध्यान रखा जायेगा। जिसमें 24 घंटे अमरजेन्सी सुविधा, सोनोग्राफी मात्र 500 रूपए, सहित पूर्ण सुविधा उपलब्ध है।

# आकाशीय बिजली गिरने से 3 की मौत 4 झूलसे

**–श्रीपुरा पंचायत के भुँझर कला गांव की घटना**

खबरों की दुनिया



**रावतभाटा।** भैंसरोडगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत श्रीपुर के गांव भुँझर घाटे पर शुक्रवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई चार लोग मामूली झूलसे। जिनका रावतभाटा के उप जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार सभी सातो लोग कृषि कार्य कर रहे थे अचानक मोसम खराब हुआ ओर बिजली कडकने लगी। तीनों मृतक सहित घायल टीमरु के पेड़ के नीचे खड़े हो गए और बिजली गिरने से हादसा हो



गया हादसे में चतरु भील (55), पेमा भील (62) और सोहन भील (33) निवासी भुँझर कला की मोके पर मौत हो गई। वही देवी लाल पुत्र नन्दा भील (55), गुली राम पुत्र देना भील (40), रुपा लाल पुत्र दुधा भील (28), भोजराज पुत्र मोहन भील (24) निवासी भुँझर कला मामूली झुलस गए। जिन्हें तुरंत 108 एम्बुलेंस की मदद से उप जिला चिकित्सालय लाया गया जहां चारों घायलों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। घटना की जानकारी लगते ही उपखंड अधिकारी महेश गगोरिया पुलिस उपाधीक्षक प्रभु लाल कुमावत तहसीलदार विवेक गरासिया प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेंद्र सिन्ह हाडा जाट समाज के प्रहलाद जाट अस्पताल पहुंचे और घायलों के हाल-चाल जानकर घटना की जानकारी ली। वहीं घटना की सूचना मिलते ही डाबी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव डाबी जिला बूंदी चिकित्सालय की मोर्चरी ले जाया गया, जहां मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंपे।

## जहानपुर में आगजनी, तीन घर जले, भूसा-ईंधन जल कर स्वाहा

*–रेत के खेत में दमकल फंसी, वहीं से पाइप डाल कर आग बुझाई*



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** उप तहसील हलैना के गांव जंहानपुर की दलित बस्ती में बिजली के तार से आगजनी हो गई,जिससे तीन जनों के कच्चे-पक्के घर जल गए और भारी मात्रा में भूसा, ईंधन व छायादार पेड जल कर स्वाहा हो गए। आग की लपटे व तेज हवा को देख ग्रामीणों में भगदड मच गई, जिन्होंने आग पर काबू पाने के प्रसाय किए, लेकिन आग नही बुझी, सरपचं हरेन्द्र सिंह ने प्रशासन को आगजनी की सूचना देकर नगर पालिका भुसावर से दमकल बुलाई, जो दमकल रेत के खेत में फंस गई,ग्रामीणों ने ढक्का देकर दमकल को निकाले के प्रसाय किए,जो असफल रहे ओर नगर पालिका नदबई से दूसरी दमकल बुलानी पडी,फंसी दमकल वाले स्थान से पाइप द्वारा जहां से ही दमकल कर्मियों ने ग्रामीणो का सहयोग लेकर करीब सवा घन्टे में आग पर काबू पायां। सरपचं हरेन्द्र सिंह ने बताया कि 26 अप्रेल को दोपहर बिजली के तार से गांव जंहानपुर निवासी चींटू जाटव पुत्र रमेश जाटव के घर में आग लग गई,जिसके बाद इसी गांव के मान सिंह जाटव पुत्र भोगीराम व रामदयाल पुत्र सुक्कीराम के घरों में आग लग गई। सभी के घरों में भूसा व ईंधन रखा हुआ था, जो जल कर राख हो गया। आगजनी से भारी सख्यां में छायादार पेड भी जल गए। उन्होने बताया कि आगजनी की सूचना प्रशासन व दमकल विभाग को दी,सूचना पर भुसावर से दमकल आई,जो दमकल रेत के खेत में फंस गई, जिसे ग्रामीणों ने ढक्का देकर निकालने के प्रसाय किए,उसके बाद भी दमकल नही निकल सकी। उसके बाद नदबई से दूसरी दमकल बुलानी पडी। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों का सहयोग लेकर कर आग पर काबू पाया।

## अग्रवाल समाज ने लगाया वाटर कूलर



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** क्षेत्र में भीषण गर्मी को देखते हुए अग्रवाल समाज ने ठंडे पानी का वाटर कूलर शुक्रवार को लगाया। समाज सेवी गोविंद गुप्ता ने बताया कि अग्रवाल समाज की ओर से सिनेमा चौराहा अंबे माता मंदिर के पास वाटर कूलर लगाया गया। जिसका शुभारंभ वरिष्ठ सदस्य आर के मित्तल जे सी गोयल सत्यवती गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष मिथिलेश गर्ग सचिव रेखा अग्रवाल विजय नीमा दिनेश सोनी डी सी गुप्ता पी के गर्ग आर के गोयल मुदित अग्रवाल मनोज अग्रवाल मनीष अग्रवाल कमल गुप्ता पवन गोयल देवेश प्रतीक अग्रवाल सुनील गोयल सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग मौजूद रहे। मंदिर कमेटी के पदाधिकारीयो ने अग्रवाल समाज का आभार जताया।

## नेक्सा एवरग्रीन कंपनी के खिलाफ 2.33 करोड़ की ठगी का मामला हुआ दर्ज

खबरों की दुनिया

**नवलगढ़।** सीकर कस्बे के दादिया गांव के धोलेरा सिटी में निवेश के नाम पर ठगी का एक और मामला सामने आया है। नेक्सा एवरग्रीन कंपनी के खिलाफ फिर करोड़ों की ठगी का मामला दर्ज हुआ है।

इस संबंध में सीकर जिले के दादिया निवासी रणवीर सिंह भारत पुत्र हुक्मसिंह ने दादिया पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसका दादिया में रिसोर्ट है। आरोपी रणवीर बिजारणियां व सुभाष बिजारणियां ने धोलेरा सिटी में प्रोजेक्ट का हवाला देकर नेक्सा कंपनी में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा देने का झांसा दिया।आरोपियों की बातों में फंसकर उसने,अपने बेटे अनिल भारत व चचेरे भाई डॉ मुकेश कुमार व उसकी पत्नी डॉ सुमन रूहेला ने 2.33 करोड़ से जयादा राशि उन्हे दे दी। आरोपियों ने बार बार के आश्वसानों के बाद भी रूपए नहीं लौटाएं। इसके बाद थक हारकर उसने पुलिस की शरण ली। दादिया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रणवीर सिंह ने बताया कि रिश्तेदारी के झांसी में आकर उन्होंने अपनी जमा पूंजी लगा दी बार-बार रुपया मांगने पर झासा देखते रहते हैं रुपया नहीं देने पर उन्होंने मुकदमा दर्ज करवाया।

# रावतभाटा उपखंड में 71.7, बेगू में 69.1 फ़ीसदी हुआ मतदान

## –एक बूथ पर आई मशीन में खराबी, शांतिपूर्वक रहा मतदान

## –भारी पानी संयंत्र आवासीय कॉलोनी में सबसे कम रहा प्रतिशत



कांग्रेस प्रत्याशी अंजना मतदान के बाद स्याही लगी उंगली दिखाते हुए




बेगू विधायक डॉ सुरेश धाकड़ मतदान करते हुए



भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी वोट डालते हुए

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान हुआ। मतदान अपने तय समय सुबह 7 बजे शुरू हुआ जो शाम 6 तक चलता रहा। जागरूक मतदाता मतदान शुरू होने से पहले ही अपने बूथ पर पहुंच गए। शुरुआती कुछ घंटे में मतदान की रफ्तार धीमी रही, दोपहर बाद मौसम बदलते ही मतदान की भी रफ्तार बढ़ गई। रावतभाटा क्षेत्र में मतदान समाप्त होने के बाद 71.7 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें सर्वाधिक भाग संख्या 221 लोठीयाना पर हुआ, सबसे कम भारी पानी संयंत्र आवासीय कॉलोनी की भाग संख्या 279 पर 30.21 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान की रफ्तार धीमी देखते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी उपखंड अधिकारी



बुज़ुर्ग महिला को वोट डलवाने के लिए ले जाते कार्यकर्ता

महेश गगोरिया ने वीडियो अपील जारी कर मतदाताओं से सोशल मीडिया पर मतदान करने की अपील की। चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र में शाम 5 बजे तक 61.48 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट पर 72.19 प्रतिशत मतदान हुआ था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चित्तौड़गढ़ लोकसभा प्रत्याशी सीपी जोशी ने चित्तौड़गढ़ स्थित सेंती पोलिंग बूथ पर मतदान किया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना ने निंबाड़ा विधानसभा के केसुंदा पोलिंग बूथ पर



सबसे पहला वोट डालकर बीएलओ से सर्टिफिकेट लेते हुए

अपना वोट डाला। बेगू विधायक डॉ सुरेश धाकड़ ने सुखवाड़ा अपने पैतृक गांव में मतदान किया। दोपहर 3 बजे तक रावतभाटा क्षेत्र में 54.6 प्रतिशत मतदान हुआ ,आखिर के 3 घंटे में मतदान की रफ्तार बड़ी और शाम 6 तक 71.7 प्रतिशत मतदान हुआ।

### युवाओं में उत्साह परिवार सहित डाला वोट

लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में उत्साह देखा गया। मतदान करने के बाद युवाओं ने अपने पोलिंग बूथ के बाहर सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड की और लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं कई संयुक्त परिवार के लोग परिवार सहित अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे और एक साथ कतार में लगकर वोट डाला। मतदान के प्रति उत्साह देखने को मिला जिसमें बुजुर्ग जवान पहली बार वोट डाल रहे युवा दिव्यांग दूल्हा दुल्हन भी पीछे नहीं रहे।

### भाग संख्या 261 पर हुई मशीन खराब

लोकसभा चुनाव के लिए सुबह 7 मतदान शुरू हुआ, सुबह 10 बजे तक शहर के बाजार स्कूल स्थित भाग संख्या 261 पर ईवीएम मशीन में खराबी होने से मशीन बंद हो गई। पोलिंग बूथ पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत दूसरी मशीन लगाई, लेकिन वह भी नहीं चली। जानकारी उपखंड अधिकारी महेश गगोरिया को दी गई ,जिस पर उन्होंने तुरंत नई ईवीएम मशीन मतदान केंद्र पर भिजवाई तब जाकर 11:30 बजे मतदान सुचारू रूप से शुरू हुआ। वहीं दोनों प्रमुख दलों के कार्यकर्ता मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने में जुटे रहे, कुछ पोलिंग बूथ पर लंबी-लंबी कतारे देखने को मिली, तो कुछ पोलिंग बुथ दिन भर सुने पड़े रहे। राजस्थान परमाणु बिजलीघर भारी पानी संयंत्र न्यूक्लियर फ्यूल कांप्लेक्स के अधिकारियों ने भी परिवार सहित मतदान किया।

## जलदाय विभाग एईन तेजसिंह मीणा ने पानी की समस्या वाले इलाकों का किया निरीक्षण

*–जल्द ही समस्या निवारण के दिये आदेश*



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कस्बा भुसावर की वार्ड संख्या 18 और 19 में हो रही पेयजल किल्लत की जानकारी मिलते ही जलदाय विभाग के एईएन तेज सिंह मीणा निरीक्षण करने कॉलोनी में पहुंचे जहां पेयजल सप्लाई के दौरान कस्बा भुसावर में अवैध रूप से चल रहे कनेक्शनो को हटाने के लिए अपील की। वहीं कॉलोनी में जाकर लोगों से समस्याओं को जाना जहां लोगों ने उन्हें बताया कि पिछले कई दिनों से घरों में पीने तक को पानी नहीं है। जिस पर अधिकारी ने जल्द कार्रवाही करने और समस्या का समाधान करने को लेकर आश्वाशन दिया। अधिकारी तेजसिंह मीणा ने बताया कि अवैध कनेक्शनो को मौके से हटाने को लेकर निवेदन किया गया है और कार्मिकों को निर्देश दिए हैं। वहीं बूस्टर डायरेक्ट लग रहे हैं उनको हटाने के लिए भी अपील की गई है।

जिन नलों में टोटी नहीं लगी हुई है उनसे टोंटी लगवाने को लेकर अपील की है। ज्ञात है कि बरपाड़ा कॉलोनी में पिछले कई दिनों से चल रही पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने विभाग की आकाशीय टंकी पर चढ़कर समस्या समाधान के लिए मांग की थी।

## देव बाबा को लगाई ढोक,परिवार की खुशहाली व दुधारु मवेशी बढ़ोत्तरी की मांगी मन्नत

**–घोड़ी नृत्य ने मन मोहा, अरावली पर्वत माला दिखा सैलाब, सीता कुण्ड में लगाई डूबकी**

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** श्री देव बाबा मेला कमेटी एवं देव बाबा भक्तों की ओर से गांव जहाज स्थित श्री कारिस देव बाबा मन्दिर पर चल रहे श्री कारिस देव बाबा मेला के तीसरे दिन अरावली पर्वत माला की पहाडियों पर जन सैलाब नजर आया,जो विभिन्न उबड-खाबड व दुर्लभ रास्ताओं से देव बाबा के दर्शन करने को पहुंच रहे थे। जहां भी नजर डाली जाए,वहां ही मेलार्थी व बाबा के भक्तों की भीड नजर आए,जो गावं सीता कुण्ड व सीता बान्ध में डूबकी लगा कारिस देव बाबा मन्दिर पहुंच कर पूजा-अर्चना करने के बाद परिवार की खुशहाली व दुधारू व पालतू मवेशियों की बढोत्तरी की मनत मांगी। साथ ही परिवार में नव शिशु के जन्म व नव विवाहिता की जात दे कर नाचते-कूदते एवं भजन-कीर्तन व बाबा की गोट गाते नजर आए। मेले में घोडा-घोडी एवं ऊंट-ऊंटनी के नृत्य देख भावविभोर हो



गए। वही मेले में जमकर खरीदारी की और रहट-झूला आदि का आनन्द लिया। कारिस देव बाबा के सेवक खुबीराम गोठिया व नृपत गोठिया ने बताया कि 24 अप्रेल से कारिस देव बाबा का मेला शुरू हो गया,तीसरे दिन तक करीब सवा लाख से अधिक लोगों ने देव बाबा के दर्शन किए,ये मेला 10 मई तक आयोजित होगा। बयाना से जहाज वाया वैर एवं हिण्डोन से जहाज वाया बल्लभगढ आदि मार्ग पर ग्रामीणों के द्वारा मेलार्थियों को जलपाल, भोजन, आवास, दवा आदि की, के पाण्डाल लगाए हुए है। मेले की व्यवस्था कमेटी के सदस्य तोताराम प्रधान, पूर्व सरपंच हरभान सिंह, इटामडा के उद्योगपति प्रताप सिंह गुर्जर, उद्योगपति नरेश पटेल, कमल प्रधान, पूर्व सरपंच भीम सिंह कारवान, पूर्व सरपचं मानसिंह, समाजसेवी जगदीश कारवान, रामवीर मोलोनी आदि सहित प्रशासन देख रहा है। मेले में राजसथान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, केरल, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, बिहार, दिल्ली, पंजाब, झारखण्ड आदि प्रान्त के देव बाबा भक्त सहित भारी सख्यां में स्थानीय व पड़ौसी जिले दौसा, अलवर, धौलपुर, डीग, मथुरा, फरिदाबाद आदि स्थान से मेलार्थी आ रहे है।

## मानवता की अनूठी मिसाल की पेश : आवारा स्वान का किया वैदिक रीति रिवाज से अन्तिम संस्कार



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** पुरानी अनाज मंडी में कुछ समाज कंटको द्वारा एक मूकजीव कुत्ते को लाठी डंडे से घायल कर मानवता को शर्मसार कर दिया। जिसको समाजसेवी हनुमान भक्त राकेश पाण्डेय व पिन्टू पंडित ने बचाने के लिए काफी प्रयास किया उसका काफी उपचार कराया लेकिन उसको नहीं बचाया जा सका। वह कुत्ता पूरे मोहल्ले का काफी प्रेमी था । उसकी मौत की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी । मोहल्ले वासियों ने एकत्रित होकर मानव की तरह वैदिक रीति रिवाज से उसका अंतिम संस्कार किया उसकी मौत पर कई घरों में चूल्हे नहीं जले। उसके अंतिम दर्शन के लिए महिला व पुरुष इक्कठा हुए। पूरे लोग उसको प्यार से सूका के नाम से बुलाते थे। शोशल मीडिया पर लोगों ने उसको काफी पोस्ट किया। उसका अंतिम संस्कार पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा।

खबरों की दुनिया

**एक नजर**

## कड़ी सुरक्षा में भेजी ईवीएम मशीनें

खबरों की दुनिया

**निवाई।** टोंक-सवाईमाधोपुर क्षेत्र के लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद सभी बूथो से ईवीएम मशीनों को कडी सुरक्षा के बीच टोंक के जिला कार्यालय में भेजा गया है। जहां दर्जनो जवानों को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। उल्लेखनीय है कि 4 जून को मतगणना के लिए ईवीएम मशीनों को खोला जाएगा।

## बीए पार्ट द्वितीय व तृतीय वर्ष की परीक्षाएं 9 मई से

खबरों की दुनिया

**निवाई।** महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर द्वारा बीए पार्ट द्वितीय व तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा की समय सारणी जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार बीए पार्ट द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 9 मई से प्रारम्भ हो होगी। प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया ने बताया कि महाविद्यालय में परीक्षाएं सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी। विद्यार्थी परीक्षा केन्द्र पर आधे घण्टे पूर्व उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि 9 मई को अंग्रेजी साहित्य प्रथम, 24 को संस्कृत प्रथम, 31 मई को अंग्रेजी साहित्य द्वितीय प्रश्नपत्र, 10 जून को संस्कृत द्वितीय प्रश्नपत्र, 11 जून को इतिहास प्रथम, 13 जून को इतिहास द्वितीय प्रश्नपत्र, 15 जून को राजनीति विज्ञान प्रथम, 18 जून को पर्यावरण अध्ययन, 19 जून को उर्दू व हिन्दी साहित्य प्रथम, 20 जून को भूगोल प्रथम, 21 जून को को उर्दू एवं हिन्दी साहित्य द्वितीय प्रश्नपत्र, 24 जून को राजनीति विज्ञान द्वितीय प्रश्नपत्र, 25 जून को भूगोल द्वितीय प्रश्नपत्र, 4 एवं 5 जुलाई को पर्यावरण अध्ययन की परीक्षाएं आयोजित होगी। उन्होंने बतायों कि महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी निश्चित तिथि व वार के आधार पर परीक्षा में यथा समय भाग लेंवे।

## गर्मी में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र द्वारा गर्मी को देखते हुए वीरा प्रमिला शर्मा के सौजन्य से बिबाणी मुक्ति धाम एवं चुणा चौक पार्क में पक्षियों के लिए पानी की आपूर्ति को देखते हुए 30 परिंडे लगाए।

वीरा प्रमिला शर्मा के परिवार ने पौधों पर परिंडे लगाए। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एस एन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर जालान, रीजन सेकेट्री महेश कुमार मुंड, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, भरत कुमार तुलस्यान, चंद्र प्रकाश शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, विकास शुक्ला, सिब्बू चौपदार, सुरेश सैनी, झाबरमल्ल पूजारी, सुनील सैनी, शिवचरण पुरोहित, शिव प्रसाद महर्षि, सीताराम सैनी, सचिव वीर विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भवन मालिकों को फायर सेफ्टी रखने के निर्देश, एनओसी आवेदन के लिए 15 दिन

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** अग्नि सुरक्षा को लेकर नगर परिषद गंभीर और एक्शन मोड में नजर आ रही है। नगर परिषद आयुक्त अनीता खीचड़ ने बताया कि अग्नि दुर्घटनाओं से जन-धन की सुरक्षा एवं आग पर काबु पाने की दृष्टि से शहरी निकायों के भवन या परिसर में अग्निशमन उपकरणों व यन्त्रों की सम्पूर्ण व्यवस्था नेशनल बिल्डिंग कोड-2016 के अध्याय फायर एण्ड लाईफ सेफ्टी की तकनीकी पैरामीटर्स टेबल-7 में वर्णित मानकों यथा फायर एक्सटिंग्युशर, फायर हाइड्रेन्ट, फायर हॉजरिल, फायर अलार्म सिस्टम, एमसीपी हुटर, स्मोक डिडेक्टर, फायर स्प्रिंकलर, फायर बकेट्स (बालू रेत व पानी से भरी हुई), फायर पम्प, ऑवर हैड एण्ड अण्डर ग्राउण्ड वाटर टेंक इत्यादि होना आवश्यक है। मानक के अनुसार अग्निशमन कार्य में दक्ष कर्मचारी सदैव उपस्थित होना भी आवश्यक है साथ ही उपकरणों व यंत्रों को कार्यशील अवस्था में रखा जाना आवश्यक है। अग्निशमन प्रमाण पत्र या अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य है।

नगर परिषद आयुक्त खीचड़ ने सभी भवन मालिकों को अग्निशमन सुरक्षा मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि आदेशो के अन्तर्गत भवन मालिक अपने भवन या परिसर में नियमानुसार अग्निशमन उपकरणों व यंत्रों को स्थापित कर निर्धारित प्रपत्र में अग्निशमन अनापति प्रमाण पत्र हेतु ऑन लाईन आवेदन अपने निकाय क्षेत्र में 15 दिवस में कर सकते है। निर्धारित अवधि में अग्निशमन उपकरणों या यंत्र स्थापित नहीं करने व ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत नही करने तथा अग्निशमन सुरक्षा प्रमाण पत्र या अनापति प्रमाण पत्र नहीं होने पर राजस्थान नगर पालिका अधिनियम-2009 के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सिल्वर जोन ओलंपियाड में फ्लोरेटो के विद्यार्थियों को 24 मेडल



खबरों की दुनिया

**सीकर।** जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित फ्लोरेटो वर्ल्ड क्लास आईसीएसई स्कूल के विद्यार्थियों ने सिल्वर जोन ओलंपियाड में शानदार सफलता हासिल की है। फ्लोरेटो ने 13 गोल्ड, 6 सिल्वर एवं 5 ब्रॉन्ज मेडल सहित कुल 24 मेडल जीते हैं। फ्लोरेटो के कृषिव, हिमांग, अव्यान, उर्विश, यशस्वी, मनंश, इशिका, नविका, वंशिका, हिमांशु, धैर्या, अव्यान एवं यशोवर्धन ने गोल्ड मेडल हासिल किया है, जबकि भूविका, अवनी, वान्या, कनिष्का, राजविका एवं कनिष्क ने सिल्वर मेडल तथा मिहिका, आशी, निवान, अक्षित एवं चारवी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। कृषिव एवं उर्विश ने इंटरनेशनल रैंक के साथ 2500 रुपये का नकद पुरस्कार भी प्राप्त किया है। विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर प्रबंध निदेशिका डा. मिनाली सुण्डा व प्रिंसिपल रिंकू शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

गौरतलब है कि फ्लोरेटो वर्ल्ड स्कूल में स्कूलिंग के साथ-साथ प्राइमरी एवं मिडिल कक्षाओं के दौरान विभिन्न ओलंपियाड्स की विशेष तैयारी कराई जाती है।

# टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभाओं में सायं 5 बजे तक 51.92 प्रतिशत हुआ मतदान

### - आखिर में टोंक जिले में सभी विधानसभाओ को मिलाकर कुल मतदान 57.12 प्रतिशत रहा जो कम वोटिंग के रुझान को दर्शाता है





खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत टोंक जिले में कुल मतदान 57.12 रहा। जिसमे मालपुरा में 55.04, निवाई में 52.92, टोंक में 61.08 व देवली उनियारा में 59.61 रहा।

टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र में सायं 5 बजे तक 51.92 प्रतिशत मतदान रहा। विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा में प्रातः 9 बजे तक आठों विधानसभा क्षेत्र में 10.92 प्रतिशत मतदान रहा। जिसमें देवली-उनियारा में 9.9 प्रतिशत, मालपुरा में 10.71 प्रतिशत निवाई में 9.56 प्रतिशत, टोंक विधानसभा क्षेत्र में 10.55 प्रतिशत, बामनवास में 10.95 प्रतिशत, गंगापुर में 12.04 प्रतिशत, खंडार में 11.48 एवं सवाई माधोपुर में 12.2 प्रतिशत मतदान हुआ।

निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः 11 बजे तक आठों विधानसभा क्षेत्र में 23.99 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें देवली-उनियारा में 24.57 प्रतिशत, मालपुरा में 25.29 प्रतिशत निवाई में 22.6 प्रतिशत, टोंक विधानसभा क्षेत्र में 25.54 प्रतिशत, बामनवास में 21.99 प्रतिशत, गंगापुर में 24.01 प्रतिशत, खंडार में 23.86 एवं सवाई माधोपुर में 24.03 प्रतिशत मतदान हुआ।

इसी प्रकार दोपहर एक बजे संसदीय क्षेत्र में 34.62 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें देवली-उनियारा में 35.46 प्रतिशत, मालपुरा में 34.3 प्रतिशत निवाई में 35.5 प्रतिशत, टोंक विधानसभा क्षेत्र में 37.7 प्रतिशत, बामनवास में 31.86 प्रतिशत, गंगापुर में 33.22 प्रतिशत, खंडार में 35.69 एवं सवाई माधोपुर में 33.26 प्रतिशत मतदान हुआ।

अपरान्ह 3 बजे तक संसदीय क्षेत्र में 42.59 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें देवली-उनियारा में 44.88 प्रतिशत, मालपुरा में 43 प्रतिशत निवाई में 41.27 प्रतिशत, टोंक विधानसभा क्षेत्र में 45.81 प्रतिशत, बामनवास में 39.17 प्रतिशत, गंगापुर में 40.95 प्रतिशत, खंडार में 44.81 एवं सवाई माधोपुर में 41.39 प्रतिशत मतदान हुआ। सायं 5 बजे तक टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र में 51.92 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें देवली-उनियारा में 54.23 प्रतिशत, मालपुरा में 50.04 प्रतिशत निवाई में 49.18 प्रतिशत, टोंक विधानसभा क्षेत्र में 55.82 प्रतिशत, बामनवास में 49.09 प्रतिशत, गंगापुर में 51.3 प्रतिशत, खंडार में 54.04 एवं सवाई माधोपुर में 51.64 प्रतिशत मतदान हुआ।

### बुजुर्ग, दिव्यांगों, युवाओं एवं महिलाओं ने किया मतदान

संसदीय क्षेत्र में बुजुर्ग, युवाओं, दिव्यांगो एवं महिलाओं ने मतदान किया। मतदान केंद्रों पर नव मतदाताओं का माला पहनाकर एवं प्रथम बार मतदान करने पर मतदाता सेल्फी सहित प्रमाण पत्र दिया गया। मतदान केंद्र पर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को स्काउट गाइड ने सुगमता पूर्वक मतदान कराया।

वहीं पहली बार युवा मतदाताओं ने मतदान करने के उपरांत परिसर में पौधारोपण भी किया। नवविवाहित ने भी मतदान करने में भागीदारी निभाई। आदर्श, महिला एवं युवा बूथ में विशेष सजावट की गई। सजावट को देखकर मतदान करने आने वाले मतदाताओं ने इसकी सराहना की। मतदान बूथों पर आने वाले मतदाताओं के लिए सेल्फी पॉइंट बनाए गए जहां सभी ने सेल्फी लेकर मतदान करने की खुशी व्यक्त की।



## दोपहर 6 बजे तक पीपलू क्षेत्र में 94 बूथों पर 52.67 प्रतिशत मतदान



खबरों की दुनिया

**पीपलू।** पीपलू उपखंड क्षेत्र के 94 बूथों तथा एक 1 सहायक मतदान केन्द्र पर शुक्रवार सुबह मतदान शुरु होते ही काफी उत्साह नजर आया। सुबह 7 बजे से पहले ही मतदाता बूथ पर पहला वोट डालने के लिए कंपीटिशन में पहुंचे। जहां नवमतदाताओं व प्रथम पांच मतदाताओं का माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उन्हें पौधों का वितरण भी किया गया। इससे पहले मतदान केन्द्रों पर राजनीतिक दल के एजेंट के समक्ष ईवीएम को सील किया। मजदूरी कार्य करने वाले श्रमिक, वैवाहिक समारोह में शिरकत करने जाने वाले लोगों ने सुबह पहले ही मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान किया। पीपलू उपखंड क्षेत्र में कुल 95 हजार 89 मतदाता है। जिसमें 6 बजे तक कुल मतदान 52.67 प्रतिशत था।

### ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचे वोट डालने

पीपलू में वोटिंग का अनूठा रंग देखने को मिला। यहां कुछ वोटर्स ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे। जुलूस में वृद्धजन, महिलाए-पुरुष और युवक-युवतियां ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते पीपलू के मतदान केंद्र 54 पर पहुंचे। पीपलू में मतदान के लिए निकला जुलूस आकर्षण का केंद्र रहा। जो भी इस जुलूस को देखता, एकबारगी शादी, गणेश निमंत्रण का कोई कार्यक्रम समझ बैठता। बाद में लोग यह सुनकर हैरान रह गए कि यह जुलूस मतदान के लिए है। डारडातुर्की के बूथ संख्या 74 पर 102 वर्षीय छोटा देवी अपनी तीन पीढ़ियों के साथ मतदान के लिए पहुंची। इसी तरह सिसोला में 105 वर्षीय चाव देवी प्रजापत अपने पुत्र भंवरलाल, ओमप्रकाश व कुलदीप की मदद से मतदान केन्द्र पर पहुंची। संदेड़ा में 95 वर्षीय प्रभी देवी ने बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। पीपलू के राजकीय विद्यालय के बूथ संख्या 57 पर चलने फिरने में असक्षम महिला शांति जाट, किशन बैरवा, झूमरी देवी बैरवा व गलखू देवी बैरवा ने बूथ पर आकर उत्साह से मतदान किया।

### तहसीलदार ने करवाई जांच, फिर कर पाए मतदान

बूथ संख्या 55 पर रामअवतार पुत्र हरिनारायण विजयवर्गीय मतदान करने पहुंचे तो पोलिंग टीम ने उन्हें कर्मचारी बताकर पोस्टल बैलेट से पहले ही मतदान हो गया की बात कहकर वहां से वापस भेज दिया। बीएलओ मुकेशकुमार से इसकी जानकारी ली तो उसने भी यह जवाब दिया। इस मामले की शिकायत लोगों ने तहसीलदार इन्द्रजीसिंह चौहान से की। तहसीलदार ने नायब तहसीलदार श्रीवर्द्धन शर्मा, गिरदावर छीतरलाल चौधरी व पटवारी अजयपाल को जांच करने भेजा। जांच में पाया गया कि रामअवतार विजयवर्गीय वोट कास्ट कर सकते है। उनके क्रमांक 209 पर किसी प्रकार का पीबी मतदान की मोहर नहीं है। नायब तहसीलदार ने पीआरओ, पोलिंग पार्टी व बीएलओ को लापरवाही पर जमकर फटकार लगाई। साथ ही प्रशासन अपनी गाड़ी से उक्त मतदाता को घर से बूथ पर लेकर पहुंचा तथा मतदान करवाया।

### दिव्यांग व नवमतदाताओं का किया स्वागत

मतदान केन्द्रों पर नवमतदाताए दिव्यांगजनों का स्वागत किया। संदेड़ा में लोकेश सैनी, विजयलक्ष्मी सैनी, कृष्णा सैनी व कठमाणा में दिव्यांग मोहनलाल गुर्जर का स्वागत किया। आदर्श मतदान केन्द्रों को गुब्बारे लगाकर सजाया गया। मतदान केन्द्रों पर मतदाता सेल्फी लेते हुए नजर आए।

## रजिस्ट्रेशन काउंटर बढ़ाने से मरीजों को मिली राहत, सफाई व्यवस्था में दिखाई दिया सुधार

### - एसीएम नवलगढ़ ने किया औचक निरीक्षण

खबरों की दुनिया

**झुंझुनू।** एसीएम नवलगढ़ हवाई सिंह ने शुक्रवार को बीडीके अस्पताल का औचक निरीक्षण कर जिला कलक्टर द्वारा 13 मार्च को औचक निरीक्षण में दिए गए निर्देशों की पालना का फालोअप लिया। अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 करने से मरीजों को राहत मिली है, अब उन्हे लाईनों मे ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसी प्रकार लैब में सैम्पल कलेक्शन के काउंटर भी 2 से बढ़ाकर 4 करने से स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी लैब के काउंटर्स पर भीड़ को कम करने के प्रयास किये जाएंगे। जिसके लिए 2 अतिरिक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर लैब में जांच रजिस्ट्रेशन और रिपोर्ट प्रिंट करने के लिए लगाने हेतु पीएमओ को निर्देशित किया गया। वर्तमान में अस्पताल की सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली, जिस पर एसीएम ने इसे और अधिक प्रभावी और बेहतरीन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसीएम ने वार्ड में भर्ती मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली. जिस पर मरीजों एवं उनके परिजनों ने व्यवस्थाओं के बारे में संतुष्टि जाहिर की। निरीक्षण के दौरान कुल 73 चिकित्सकों में से 53 चिकित्सक उपस्थित मिले तथा अन्य अवकाश एवं डे ऑफ पर पाए गए। अस्पताल में एक ही फिजिशियन होने के कारण वहां की ओपीडी में भीड़ लगी होने पर वहां भीड़ को नियंत्रित करने के लिए गार्ड लगाने तथा मरीजों के बैठने के लिए वैटिंग एरिया चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को बीडीके में एक अतिरिक्त फिजिशियन की प्रतिनियुक्ति शीघ्र करने के निर्देश दिए।

## झुंझुनूं एकेडमी में स्पाइन कबड्डी लीग का रेसलिंग किंग द ग्रेट खली ने किया उद्घाटन



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं (संजय सैनी)।** झुंझुनूं एकेडमी, विज्डम सिटी के जीवेम् स्पोर्ट्स स्कूल ग्राउंड पर शूरवीर डिफेंस एकेडमी के तत्वावधान में स्पाइन कबड्डी लीग का रंगारंग शुभारम्भ हुआ। जिसमें जूनियर एवं सब जूनियर बॉयज कबड्डी के मुकाबले 28 अप्रैल तक खेले जाएंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त ले. जनरल कमल कुमार रेपस्वाल- सेना मेडल व रेसलिंग किंग द ग्रेट खली दिलीप सिंह राणा थे। विशिष्ट अतिथि योगेश शर्मा स्पाईन कबड्डी लीग चेयरमैन, अभिनव सिंह, प्रमेन्द्र कुल्हार, कैप्टन रामनिवास, सत्य देव सिंह, महेन्द्र सिंह, शमशेर सिंह, कैलाश सूरा, दीपक तनेजा, संदीप तनेजा, भूपेन्द्र सिंह, आजाद सिंह, झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, एक्जीक्यूटीव डायरेक्टर आशुतोष मोदी, जॉली एंजल्स डायरेक्टर रानू मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, प्राचार्य डॉ. रवि शंकर शर्मा, उप-प्राचार्या सरोज सिंह, शूरवीर डिफेंस एकेडमिक डायरेक्टर अमित शर्मा, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा एवं प्रशासक कमलेश कुलहरी थे। द ग्रेट खली ने झुंझुनूं एकेडमी की खेल सुविधाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बताते हुए कहा कि अच्छा लगा की झुंझुनूं जैसे जिले में खेलो का उत्साह है। यहां ऐसा लग रहा है यह कोई खेल गांव है। जहां विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन हो रहा है। अभिनव सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलों में झुंझुनूं अपनी अलग पहचान बना चुका है। जीवेम् चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने कहा कि शूरवीर डिफेंस एकेडमी द्वारा आयोजित यह लीग अपने आप में ऐतिहासिक है। मोदी ने प्रतियोगिता के टॉप टेन में आने वाले विद्यार्थियों को शूरवीर डिफेंस एकेडमी में 100 प्रतिशत स्कोलरशिप के साथ पढ़ाने की घोषणा भी की। स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि स्पाइन कबड्डी लीग का तीसरा संस्करण झुंझुनूं एकेडमी में आयोजित हो रहा है, यह सबके लिए खुशी एवं गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि लीग का सोशल मीडिया चैनलों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

सागर रत्न, हरियाणा किंग, कन्हैया गोल्ड, शुरवीर डिफेंस एकेडमी, झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई स्कूल, खेलो भारत, स्पाईन यूथ फाउंडेशन एवं डीजी मार्क मीडिया लीग को स्पोंसर कर रहे हैं। दूसरे चरण के मुख्य अतिथि कमल कुमार रेपस्वाल थे। छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा ने खिलाड़ियों को झुंझुनूं जिले की विशेषता से अवगत करवाया। उद्घाटन समारोह में सभी स्टाफ मेंबर्स, स्पोर्ट्स कोच एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मतदान की शुरू में रही धीमी रफ्तार, दोपहर बाद आई तेजी, मौसम ने भी दिया साथ

### - दुल्हों ने भी शादी से पहले किया मतदान





खबरों की दुनिया

**निवाई।** लोकसभा चुनाव को लेकर निवाई विधासभा क्षेत्र में शुक्रवार को शांतिपूर्ण मतदान हुआ। सुबह 7 बजे मतदान शुरू होने के साथ ही मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करना शुरू कर दिया था। निर्वाचन विभाग द्वारा पहले मतदान फिर जलपान के नारे का असर भी मतदान पर दिखाई दिया। विशेष रूप से नव मतदाताओं ने उत्साह दिखाते हुए पहले दो घंटे में ही मतदान किया। जैसे-जैसे सूर्य चढता गया वैसे-वैसे गर्मी की तपन बढती गई और मतदान का प्रतिशत बढता गया। दोपहर में तेज धूप व गर्मी के चलते मतदान की रफ्तार धीमी होने लगी तभी आकाश में काले बादल छा गए और गर्मी की तपीश कम होती गई जिससे मतदान मतदान की रफ्तार तेज हुई। शाम 5 बजे तक मतदान करीब 49.15 प्रतिशत हो गया। चुनाव के दौरान शुक्रवार सुबह तेज गर्मी एवं तेज धूप के चलते 9 बजे तक उपखण्ड क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 10 का आंकडा भी पार नहीं कर पाया।

मतदान को प्रतिशत कम रहने का एक कारण सावे भी रहे हैं। सावों के चलते लोग शादियों में व्यस्त रहने से मतदान नहीं कर पाए। कई मतदान केन्द्रों पर शादी के लिए जाने से पहले दुल्हों ने उत्साह से मतदान किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने बताया कि निवाई विधान सभा क्षेत्र में सुबह 9 बजे तक 9.6 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 11 बजे तक 22.6 प्रतिशत व दोपहर 1 बजे 35.5 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि दोपहर 3 बजे मतदान का प्रतिशत बढकर 41.27 प्रतिशत पर पहुंच गया तथा अगले 2 घंटे में 5 बजे तक मतदान प्रतिशत ने 49.15 पर पहुंच गया। उन्होंने बताया कि निवाई विधान सभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। चुनाव की गतिविधियों एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया, डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा, विकास अधिकारी, तहसीलदार नरेश गुर्जर, अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट, राजस्व अधिकारी नवरतन शर्मा, थानाधिकारी हरिराम वर्मा, सदर थानाप्रभारी जयमल सिंह, बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकश जाट व दतवास थानाधिकारी हेमन्त जनांगल लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में शाम 5 बजे तक 57.15 प्रतिशत मतदान हुआ था।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने मतदान किया

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लोकसभा चुनाव के लिए अजमेर स्थित संत रामदास विद्यालय मतदान केंद्र पहुंचकर शुक्रवार को प्रातः मतदान किया । देवनानी ने मतदान के लिए लोगों का आवाहन किया है। उन्होंने सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील की है कि सुरक्षित व विकसित भारत के लिए मतदान अवश्य करें । आपका एक-एक वोट देश का स्वर्णिम भविष्य बनाने में निर्णायक है।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ लेने के लिए शीघ्र कराएं पॉलिसी नवीनीकरण

**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में जिन परिवारों की पॉलिसी वैद्यता अवधि 30 अप्रैल समाप्त हो रही है, वे परिवार शीघ्र पॉलिसी का नवीनीकरण कराएं। पॉलिसी नवीनीकरण होने पर ही उन्हें 1 मई, 2024 से स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सकेगा। योजना में स्वास्थ्य बीमा का कवरेज निरंतर प्राप्त करने के लिए पात्र परिवार 30 अप्रैल, 2024 तक आवश्यक रूप से पॉलिसी का नवीनीकरण कराएं। पॉलिसी नवीनीकरण ई-मित्र के माध्यम से या स्वयं की एसएसओ आईडी द्वारा किया जा सकता है।

## राज्यपाल को सड़क सुरक्षा के सबंध में ग्राफिक उपन्यास की प्रति भेंट



खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** राज्यपाल कलराज मिश्र को शुक्रवार को राजभवन में सड़क सुरक्षा जागरूकता के आलोक में तैयार 'ट्रैफिक टेल्स' ग्राफिक नोवल भेंट किया गया।

मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी द्वारा प्रकाशित इस अंग्रेजी नोवल में सड़क पर वाहन चलाने से संबंधित सावधानियां, दुर्घटना से बचाव और सड़क सुरक्षा से संबंधित सावधानियों को चितकथा–रूप में संयोजित किया गया है। राज्यपाल मिश्र ने इस प्रयास की सराहना की है।




# दूसरे चरण के मतदान में दिग्गजो ने किया मतदान,


## अपनी-अपनी पार्टी की जीत का भरा दंभ



अशोक गहलोत नें पुत्र वैभव गहलोत को जालोर-सिरोही लोकसभा सीट से विजयी होने का आशीर्वाद दिया



वसुन्धरा राजे ने दिया आशीर्वाद, दुष्यंत ने कहा बड़ों का आशीर्वाद ही हमारी सबसे बड़ी ताक़त है।







शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जोधपुर में सपरिवार किया मतदान





टोंक–सवाईमाधोपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया नें स्वंय बूथ एजेन्ट का कार्य किया।



केन्द्रीय राज्य मंत्री व बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी







खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान शुक्रवार को संम्पन्न हो गया। शुक्रवार को 13 लोकसभा सीटो पर हुये मतदान में राजस्थान के दिग्गज नेताओ ने अपने-अपने क्षेत्र में सपरिवार मतदान किया। टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्यशी ने कंकाली माता के दर्शन कर जीत का आर्शीवाद मांगा। और स्वंय अपने बूथ पर बूथ एजेन्ट का दायित्व भी संभाला। वहीं जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सपिरवार मतदान किया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी अपने बूथ पर जाकर पुत्र वैभव गहलोत सहित अन्य परिवार जनो के साथ मतदान किया। पुत्र वैभव गहलोत को जालोर लोकसभा सीट से जीत का आशीर्वाद दिया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी मतदान कर अपने पुत्र दुष्यंत को जीत का आशीर्वाद दिया।

कोटा में ओम बिरला ने मतदान किया। चित्तोड़गढ़ सें भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी ने मतदान के बाद सांवलिया सेठ के दर्शन कर जीत का आशीर्वाद मांगा।

## ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग कर डिग्री जारी करेगा अपेक्स यूनिवर्सिटी

### अपेक्स यूनिवर्सिटी ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर सत्यापन योग्य डिग्री प्रदान करने के लिये विश्व स्तरीय कम्पनी सर्टिफिकेटऑन्स के साथ साझेदारी करने वाला राजस्थान का पहला विश्वविद्यालय बना

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** अपेक्स यूनिवर्सिटी अकादमिक प्रमाणपत्रों के सत्यापन में एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग कर विद्यार्थियों की डिग्री और अन्य प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। इस नई व्यवस्था को लाने के पीछे विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड की सुरक्षा, पारदर्शिता और पहुंच को बढ़ाना है। इससे अकादमिक प्रमाणपत्रों के सत्यापन और प्रबंधन के तरीके में बड़ा बदलाव आएगा। यह तकनीक न केवल सत्यापन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगी बल्कि डिग्रियों की प्रामाणिकता भी सुनिश्चित करेगी। अपेक्स यूनिवर्सिटी ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर सत्यापन योग्य डिग्री प्रदान करने के लिये विश्व स्तरीय कम्पनी सर्टिफिकेटऑन्स के साथ साझेदारी की है। सर्टिफिकेटऑन्स तथा अपेक्स विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने इस साझेदारी के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये। अपेक्स विश्वविद्यालय राजस्थान का पहला विश्वविद्यालय है, जो इस तकनीक का प्रयोग कर सत्यापन योग्य डिग्री प्रदान करेगा। ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग करके जारी की गई सत्यापन योग्य इन डिग्रियों से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। इन डिग्रियों को वैश्विक मान्यता प्राप्त हैं।

डिग्री अब ब्लॉक चेन तकनीक की सहायता से अधिक विश्वसनीय होगी। जो छात्रो के लिये अपार संभावनाओं के द्वार खोल देंगी। अपेक्स यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. रवि जूनिवाल ने कहा कि डिग्री जारी करने के लिए ब्लॉकचेन तकनीक को अपनाना नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह तकनीक न केवल अकादमिक प्रमाणपत्रों को सत्यापित करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगी बल्कि हमारी डिग्रियों की प्रामाणिकता भी सुनिश्चित करेगी। हम छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिये कटिबद्ध है। सर्टिफिकेट ऑन्स के साथ यह अनुबंध विश्वस्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने के हमारे लक्ष्य की ओर महत्वपूर्ण कदम है।





**धूमधाम से मनाया मीनल कमल का जन्मदिन**

आकाशदीप परिवार की होनहार छात्रा मीनल कमल का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। आकाशदीप पब्लिक स्कूल के शिक्षकों के सामने केक काटकर मिठाई व आईसक्रीम खिलाकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक निदेशक डॉ. एल.सी. भारतीय एवं मीनल की मातृशक्ति मीनू भारतीय भी उपस्थित रही।

## जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। एयरपोर्ट के ऑफिशियल फीडबैक आईडी पर धमकी भरा ईमेल आया। इसके बाद एयरपोर्ट के सुरक्षाकर्मियों के साथ ही एंटी बम स्क्वॉड ने सर्च अभियान चलाया। साइबर टीम भी जांच में जुट गई है। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया- यात्रियों को फीडबैक के लिए दी गई आईडी पर शुक्रवार दोपहर को ईमेल आया था। ईमेल करने वाले ने खुद को बेंगलूरु का होने की बात लिखी है।

मतदाताओं का जताया आभार

## मोदी है विश्वास इसलिए मोदी साथे आपणो राजस्थानः सीपी जोशी

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान के साथ राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को चुनाव संपन्न हुए। प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश के मतदाताओं का आभार जताया। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि ''मोदी है उम्मीद, मोदी है विश्वास'' इसलिए मोदी साथे है आपणो राजस्थान। लोकतंत्र में जनता द्वारा जनता के लिए सरकार चुनी जाती है और आज प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों पर विश्वास जताते हुए तीसरी बार हैट्रिक लगाने का काम पूरा कर दिया। मतदान के बाद हम विश्वास से कह सकते हैं कि प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलेगा। लोकतंत्र के अनुष्ठान में जिस प्रकार आमजन ने आगे आकर बड़ी संख्या में मतदान किया है, उसके लिए प्रदेश की जनता का अनंत आभार प्रकट करता हूं।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश में 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का असर दिखा था। वहीं दूसरे चरण के मतदान में प्रदेश की जनता ने पीएम मोदी के आह्वान ''पहले मतदान फिर जलपान'' को ध्येय मानकर बढ़ चढ़कर मतदान किया। मतदान प्रतिशत को देखकर यह कहा जा सकता है कि प्रदेश की जनता ने चिलचिलाती धूप में भी मतदान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जनता के इस उत्साह के लिए भाजपा प्रदेश के मतदाताओं का अभिनंदन करती है। आगामी 04 जून को लोकसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद एक बार फिर से देशभर में बड़ा जश्न मनाया जाएगा और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास पथ पर आगे बढ़ेंगे।

आमजन से जुड़ा महत्वपूर्ण विभाग...

## लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निस्तारणः सुधांश पंत



## ईज ऑफ लिविंग में योगदान कर आम नागरिक के जीवन को आसान बनाएं

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राजस्व विभाग राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण विभाग होने के साथ ही आम नागरिक से सीधा जुड़ाव रखता है। उन्होंने कहा कि आमजन की राजस्व विभाग से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अधिकारियों को ईज ऑफ लिविंग की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गाँवों में शहरों की अपेक्षा राजस्व सम्बन्धी मामलों की अधिकता रहती है। ऐसे में हमें इस दिशा में बेहतर कार्य कर आम नागरिक को राहत दिलाने का पुरजोर प्रयास करना चाहिए। मुख्य सचिव ने यह बात शासन सचिवालय में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों की समय-समय पर सघन मॉनिटरिंग की जाये और इनकी प्रगति में आ रही समस्याओं का विश्लेषण कर उनका निस्तारण किया जाये।

पंत ने विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती और विभिन्न प्रोजेक्ट्स एवं योजनाओं की प्रगति पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं की सभी स्तर पर माइक्रो मॉनिटरिंग करें और लंबित प्रकरणों पर प्रमुखता से कार्य कर उनके निस्तारण में तेजी लाएं। उन्होंने विभाग में नवाचारों को प्रोत्साहन देने पर जोर दिया।

राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। विभाग के विशिष्ट शासन सचिव नरेन्द्र गुप्ता एवं अन्य अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालयः** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123